वर्ष 13, अंक 321
गैरसैंण
सोमवार
3 अप्रैल 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित  डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23  फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com  मूल्य-2 रुपये

# खाई में गिरी मसूरी से देहरादून आ रही रोडवेज की बस, दो की मौत, 38 घायल



**देहरादून।** मसूरी देहरादून मार्ग पर रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। एक रोडवेज बस खाई में गिर गई, जिसमें 40 लोग सवार बताए रहे हैं। पुलिस के अनुसार दो लोगों की मौत हो गई है। आईटीबीपी के जवान और पुलिस सहित स्थानीय लोगों ने घायलों को खाई से बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक बस हादसा मसूरी से पांच किमी पहले मसूरी देहरादून हाईवे पर शेर घड़ी के पास हुआ है। इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस– प्रशासन की टीम मौके पर राहत–बचाव कार्य में लग गई। बस मसूरी से देहरादून लौट रहीं थी, तभी रास्ते में शेर घड़ी के पास 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के कारण यहां दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

सीएम ने जताया दुखः हादसे में घायल 22 लोगों को मसूरी में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि सात मैक्स में भर्ती हैं। इनमे से दो की मौत बताई जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख जाहिर करते हुए कहा कि– देहरादून–मसूरी हाइवे पर बस के खाई में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। सम्बंधित अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार हेतु निर्देशित किया गया है ।

**नाम पता मृतक–** 1– सुधा पत्नी सुधाकर लखेड़ा निवासी बाराकैंची मसूरी उम्र 40 वर्ष। 2– महक पुत्री सुधाकर लखेड़ा निवासी उपरोक्त उम्र 15 वर्ष ।

**घायल :** 1– शुभम पुत्र सत्यवीर निवासी मेरठ उम्र 18 वर्ष 2– आशु पुत्र सतीश निवासी उपरोक्त उम्र 28 वर्ष 3– रेखा पत्नी सतीश निवासी उपरोक्त उम्र 40 वर्ष 4– रामनरेश पुत्र अमर सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 38 वर्ष 5– आंचल पुत्री सतीश कुमार निवासी उपरोक्त उम्र 20 वर्ष 6– पुपेन्द्र सिंह राणा पुत्र भगवान सिंह उम्र 28 वर्ष 7– मग्गू सिंह पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी मुरादाबाद उम्र 28 वर्ष 8– शिवानी पत्नी मग्गू सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 24 वर्ष 9– रुपा पत्नी नरेश निवासी मुरादाबाद उम्र 26 वर्ष 10– काव्या पुत्री नरेश निवासी उपरोक्त उम्र 08 वर्ष 11– नकुल पुत्र नरेश निवासी उपरोक्त उम्र 04 वर्ष 12– एक माह का बच्चा जिसका नाम नही रखा है 13– सुमन पत्नी अनिल निवासी हैकमन्स होटल मालरोड़ मसूरी उम्र 36 वर्ष 14– राधिका पुत्री अनिल निवासी उपरोक्त उम्र 13 वर्ष 15–योगेश कुमार पुत्र मंगल चन्द निवासी जयपुर राजस्थान उम्र 80 वर्ष 16– गोविन्द सैनी निवासी जयपुर राजस्थान उम्र 26 वर्ष 17– शिवम बंसल उपरोक्त उम्र 24 वर्ष 18–योगेश निवासी उपरोक्त उम्र 30 वर्ष 19– हर्षत शर्मा निवासी उपरोक्त उम्र 25 वर्ष 20– प्रदीप निवासी नजबगढ़ सहारनपुर उम्र 55 वर्ष21– सुनील निवासी विनय विहार मुरादाबाद उम्र 50 वर्ष 22– जितेश निवासी ज्योति कॉलोनी नई दिल्ली उम्र 35 वर्ष 23– मोनिका पत्नी जितेश निवासी उपरोक्त उम्र 32 वर्ष 24– जागृति पुत्री जितेश निवासी उपरोक्त उम्र 07 वर्ष 25– आरिप पुत्र जितेश निवासी उपरोक्त उम्र 04 वर्ष 26– प्रीति निवासी पिल्लुखेड़ा मण्डी जिन्द हरियाणा उम्र 20 वर्ष 27– रवि निवासी उपरोक्त उम्र 24 वर्ष 28–आशा निवासी उपरोक्त 29– हिमानी निवासी उपरोक्त उम्र 25 वर्ष 30– श्रीमती गुरलीन निवासी उपरोक्त उम्र 24 वर्ष 31– सुखदेव सिंह कैन्तुरा निवासी घण्टाघर लण्डौर मसूरी दे0दून 32– श्रीमती अनिता शर्मा पत्नी नरेश कुमार शर्मा नि0 जोशी कॉलोनी पड़पड़गंज इन्डसट्रियल एरिया दिल्ली उम्र 48 वर्ष 33– सलमा खातून पत्नी तसलीन निवासी बुचड़खाना मसूरी दे0दून उम्र 65 वर्ष 34– रजनी सिसोदिया पत्नी मुकुल सिसोदिया नि0 रोशन बाग दयालबाग आगरा उम्र 24 वर्ष 35–मुकुल सिसोदिया पुत्र धर्मेन्द्र सिसोदिया निवासी उपरोक्त उम्र 35 वर्ष 36–मुकुल कुमार शर्मा पुत्र नरेश कुमार शर्मा नि0 जोशी कॉलोनी पड़पड़गंज इन्डसट्रियल एरिया दिल्ली उम्र 19 वर्ष 37– रोबिन पुत्र समय सिंह (चालक) 38–विक्रम पुत्र मुकुन्द सिंह बिष्ट (परिचालक)

## सितारगंज में आमने–सामने की टक्कर से दो कारों से उड़े परखच्चे, मची चीख पुकार, एक की मौत, 11 घायल




**खटीमा ।** उत्तराखंड में सितारगंज रोड पर पहेनिया टोल प्लाजा के पास दो कारों की आमने–सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में टैक्सी चालक की मौत हो गई। वहीं, 11 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार को रमनगरा माधोटांडा पीलीभीत से महिंद्रा क्रूजर टैक्सी वाहन संख्या यूके06टीए–4841 का चालक सवारी लेकर रुद्रपुर जा रहा था। इसी बीच सुबह करीब साढ़े नौ बजे पहेनिया टोल प्लाजा के पास नानकमत्ता की ओर से आ रही कार आई 20 संख्या यूके06 एडी–2481 से क्रूजर वाहन की आमने–सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई।

टक्कर लगने के बाद सवारियों से भरी कार सड़क पर पलट गई। कार के पलटने से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चीखें सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए और यात्रियों को कार से बाहर निकाला। हादसे में टैक्सी वाहन के चालक पंजाबी कालोनी वार्ड–10 किच्छा निवासी राजीव सक्सेना(46) पुत्र ज्योति स्वरूप सक्सेना की मौके पर ही मौत हो गई।

टैक्सी में सवार नौ लोग व आई 20 में सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को टोल प्लाजा की एंबुलेंस और 108 एंबुलेंस की मदद से पुलिस ने उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने घायलों का इलाज शुरू किया। पुलिस ने मृतक टैक्सी चालक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और किच्छा परिजनों को सूचना दी।

## सजा के खिलाफ सोमवार को कोर्ट जा सकते हैं राहुल गांधी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राहुल गांधी आपराधिक मानहानि मामले में अपनी सजा के खिलाफ सोमवार को सूरत की अदालत में अपील कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि कानूनी टीम ने पूरी तैयारी कर ली है। राहुल गांधी को 23 मार्च को मानहानि के मामले में दो साल के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसके बाद उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने गुरुवार को कहा कि एक कानूनी टीम उस मामले पर काम कर रही है जिसमें राहुल गांधी को दोषी ठहराया गया था। खडग़े ने कहा कि पार्टी राजनीतिक और कानूनी रूप से मामले का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने राहुल गांधी को जल्दबाजी में अयोग्य घोषित करने के लिए केंद्र सरकार की भी आलोचना की।कांग्रेस अध्यक्ष ने अयोग्यता को प्रतिशोध करार दिया।लोकसभा से राहुल गांधी की अयोग्यता के विरोध में, और अदानी समूह के खिलाफ लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों की जांच की अपनी मांग को दबाने के लिए, कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ देश भर में 'जय भारत सत्याग्रहइ शुरू किया है।

## नए खतरों से निपटने के लिए तैयार रहे सेना, संयुक्त कमांडर कॉन्फ्रेंस में बोले पीएम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सशस्त्र सेनाओं को जरूरी हथियारों तथा प्रौद्योगिकी से लैस करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं और उन्हें नए तथा उभरते खतरों से निपटने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। मोदी ने आज भोपाल में संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन में सुरक्षा स्थिति तथा सशस्त्र सेनाओं की संचालन तैयारियों की समीक्षा के दौरान यह बात कही।प्रधानमंत्री एक दिन के दौरे पर सुबह भोपाल पहुंचे जहां उन्होंने संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने प्रधानमंत्री को सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में सशस्त्र सेनाओं की भूमिका तथा मित्र देशों में मानवीय सहायता तथा आपदा राहत अभियान चलाने की सराहना की।श्री मोदी ने तीनों सेनाओं से नए और उभरते खतरों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सशस्त्र सेनाओं को जरूरी हथियारों तथा प्रौद्योगिकी से लैस करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। सम्मेलन के अंतिम दिन सशस्त्र सेनाओं में डिजिटलीकरण, साइबर सुरक्षा , सोशल मीडिया की चुनौती और अग्निवीरों की भर्ती तथा सेनाओं में एकीकरण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# लगातार बर्फबारी से खिसककर रास्ते पर आए हिमखंड



कुबेर गदेरे में पैदल रास्ता बंद

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के लिए अब गिनती के दिन रह गए हैं लेकिन खराब मौसम ने प्रशासन की परेशानियां बढ़ा दी है। बीते 18 दिनों से केदारनाथ में प्रतिदिन हो रही बर्फबारी से तैयारी प्रभावित हो रही है। भारी बर्फ के कारण कुबेर गदेरा में पैदल मार्ग फिर से अवरुद्ध हो गया है।

रविवार सुबह से केदारनाथ में हल्के बादल छाए रहे। दिन चढ़ने के साथ यहां धूप की तपन भी तेज हुई लेकिन दोपहर बाद अचानक घने बादलों के बीच हल्की बर्फबारी होने लगी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण– लोनिवि के अवर अभियंता सुरेंद्र रावत ने बताया कि भारी बर्फबारी के कारण गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग कुबेर गदेरा में फिर से अवरुद्ध हो गया है। हिमखंड रास्ते में खिसक गए हैं।


इसके अलावा गौरीकुंड से लिनचोली के बीच पैदल मार्ग पर टूटे पुश्तों, रेलिंग की मरम्मत की जा रही है। क्षेत्र में जल संस्थान द्वारा भी पेयजल लाइन बिछाई जा रही है और स्टैंड पोस्ट की मरम्मत की जा रही है। पैदल मार्ग पर घोड़ा–खच्चरों को पानी उपलब्ध कराने के लिए चरियों को भी ठीक किया जा रहा है। मार्ग पर शौचालय निर्माण सहित अन्य यात्रा से जुड़े कार्य भी किए जा रहे हैं। उधर, बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, फूलों की घाटी नीती और माणा घाटियों में सुबह आठ बजे तक बर्फबारी हुई। दोपहर बाद मौसम फिर बिगड़ा और यमुनोत्री घाटी में बर्फबारी व निचले इलकों बारिश हुई।

मौसम विभाग ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में एवलांच आने की चेतावनी दी है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि आपदा से जुड़े अधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

## कोविड संक्रमित मामले 18 हजार से अधिक

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा नये मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 18 हजार से अधिक हो गई है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 3824 नये मामले दर्ज किये गए। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 18,389 हो गयी है और संक्रमण दर बढ़कर 2.87 प्रतिशत हो गयी है।मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 1784 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.77 प्रतिशत है। इसी अवधि में 1,33,153 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 2799 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.66 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

# इस बार गर्मियों में बिजली की मांग का बनेगा रिकॉर्ड



संकट से निपटने के लिए केंद्र से मिलेगी मदद

**देहरादून ।** अबकी गर्मियों में आपूर्ति की तुलना में बिजली की मांग नया रिकॉर्ड बना सकती है। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने मई और जून माह में 2,600 मेगावाट तक बिजली की मांग पहुंचने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 100 मेगावाट अधिक है।

बिजली संकट से निपटने के लिए केंद्र सरकार से उत्तराखंड को 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली दी जाएगी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पीक सीजन मई व जून में आपूर्ति के सापेक्ष में बिजली की मांग में भारी बढ़ोतरी होने की संभावना है। यूपीसीएल के अनुमान के बाद गर्मियों में बिजली की मांग 2,600 मेगावाट तक पहुंच सकती है।

पिछले साल गर्मियों में सर्वाधिक मांग 2,500 मेगावाट थी।

इस बार 100 मेगावाट तक मांग बढ़ सकती है। इसके लिए यूपीसीएल ने उपभोक्ताओं से ऊर्जा संरक्षण की अपील की है। प्रबंध निदेशक अनिल कुमार का कहना है कि एक यूनिट बिजली की खपत बचाने से 1.5 यूनिट बिजली उत्पादन के बराबर होती है।

बताया कि बिजली संकट से निपटने के लिए केंद्र सरकार से 300 मेगावाट बिजली उत्तराखंड को मिलेगी। इसके लिए केंद्रीय एक्साइज अथारिटी की टीम जल्द ही उत्तराखंड आएगी, जिसमें तीनों ऊर्जा निगमों की समस्याओं पर चर्चा कर 10 दिन के भीतर केंद्र सरकार को रिपोर्ट देगी।

कोयले से बिजली बनाने की दिशा में संभावनाएं तलाशी जा रही है। उड़ीसा में पर्याप्त मात्रा में जमीन संग कोयला उपलब्ध है। यहां से ट्रांसमिशन लाइन से उत्तराखंड में बिजली आसानी से पहुंचाई जा सकती है। इसके लिए छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में बिजली उत्पादन की संभावना देखी जा रही है।

**अनिल कुमार, एमडी, यूपीसीएल**

## असम में केजरीवाल ने सरमा सरकार को घेरा, बोले

# भाजपा ने गंदी राजनीति के अलावा कुछ नहीं किया



**गुवाहाटी, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने असम की राजधानी गुवाहाटी में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा पेपर लीक और बेरोजगारी को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी असम में सरकार बनाती है तो मुफ्त बिजली, सभी बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी। अअढ सरकार ने 7 साल में दिल्ली का चेहरा बदल दिया है। भाजपा ने असम में गंदी राजनीति के अलावा कुछ नहीं किया।

संकल्प सभा में दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने सीएम सरमा पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि असम के लोगों ने हर राजनीतिक दल को मौका दिया, फिर भी कोई बदलाव नहीं हुआ। असम की वर्तमान सरकार 2014 में सत्ता में आई। हमारी 'आप' 2015 में दिल्ली में आई। दिल्ली इतनी विकसित हो गई, लेकिन असम अभी भी विकसित नहीं हुआ। सीएम हिमंत ने सिर्फ नफरत की राजनीति की।

उन्होंने कहा कि हिमंत बिस्व सरमा मुझे जेल में डालने की धमकी दे रहे हैं। वह सीएम बने, लेकिन उन्होंने असम की संस्कृति नहीं सीखी। असम के लोग ऐसे नहीं हैं। वे अपने मेहमान को चाय पिलाते हैं। असम के लोग अपने मेहमान को जेल नहीं भेजते।

केजरीवाल ने कहा कि आप की जीत हुई तो असम के हर बच्चे को रोजगार मिलेगा। जिस गति से सीएम सरमा रोजगार दे रहे हैं, मुझे लगता है कि सभी को नौकरी देने में सौ साल लग जाएंगे। जिस राज्य में मुख्यमंत्री की पत्नी निजी स्कूल चलाती हैं, वहां गरीब को कभी शिक्षा नहीं मिलेगी।केजरीवाल ने कहा कि असम में बेरोजगारी है। असम में पेपर लीक हो रहे हैं।

# हमारी सरकार बनाएं, दंगाइयों को उल्टा लटका कर सीधा करेंगे: अमित शाह

**नवादा, एजेंसी।** आज समग्र बिहार नालंदा और सासाराम की स्थिति को देख कर चिंता कर रहा है। बिहारशरीफ में आग लगी है। 2024 में पीएम मोदी को बिहार की सभी 40 सीटों पर जिताएं और 2025 में बिहार में भाजपा की सरकार बनाएं। दंगा करने वाले लोगों को उल्टा लटका कर सीधा करेंगे।" गृह मंत्री नवादा जिले के हिसुआ इंटर विद्यालय के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

गृह मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। अब किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होगा। नीतीश ने कई लोगों को धोखा दिया है। अब भाजपा कभी भी नीतीश के साथ न जाएगी, न साथ लेगी। उन्होंने सासाराम नहीं जा पाने के लिए क्षमा मांगते हुए कहा था कि बिहार में जंगलराज लौट आया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करती है और और नीतीश कुमार क्या कर रहे हैं, यह जनता देख रही है। उन्होंने कहा– "सासाराम और नालंदा की बिगड़ी कानून– व्यवस्था को लेकर राज्यपाल से बात की तो ललन सिंह (जदयू अध्यक्ष) को आपत्ति हो गई। भला आपत्ति किस बात की! मैं भारत का गृह मंत्री हूं और बिहार इस देश का अहम हिस्सा है।"

उन्होंने दो टूक कहा कि जदयू के लिए सभी रास्ते बंद हो गए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि यहां एक व्यक्ति पीएम बनना चाहता है और दूसरे की चाहत मुख्यमंत्री का पद है। नीतीश कुमार और लालू



यादव गलतफहमी में हैं, लेकिन जनता किसी गलतफहमी में नहीं है। पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। लालू प्रसाद गलतफहमी दूर कर लें। नीतीश पीएम नहीं बनेंगे और आपके बेटे को मुख्यमंत्री भी नहीं बनने देंगे।

गृह मंत्री ने किउल–गया रेलवे के दोहरीकरण व विद्युतीकरण, नवादा से दिल्ली के लिए ट्रेन सेवा, पावापुरी रेलखंड के सर्वे, बिहार से नवादा फोर लेन समेत अन्य कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को सुरक्षित किया। कश्मीर देश का हिस्सा है। उन्होंने नवादा वालों से पूछा– मुझे बताओ कश्मीर हमारा है या नहीं? जनसभा ने हां में जवाब दिया तो शाह ने कहा कि धारा 370 हटाने के लिए बिल लाया तो जदयू ने विरोध किया था। धारा 370 हटाकर कश्मीर को भारत से जोड़ दिया। फिर उन्होंने पूछा– धारा 370 हटनी चाहिए थी या नहीं? फिर जवाब में हां की गूंज सुनाई दी तो शाह ने कहा– अयोध्या में राम मंदिर बनाने का कांग्रेस, जदयू, राजद, टीएमसी विरोध करते थे। मैं पूछता हूं– अयोध्या में श्री राम जी का मंदिर बनना चाहिए या नहीं? तेज आवाज में जब लोगों ने इसमें भी हां कहा तो बात आगे बढ़ाते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस, जदयू, राजद, ममता...सब इसका विरोध करते थे। लेकिन, मोदी जी ने एक दिन सुबह श्रीराम मंदिर का शिलान्यास कर दियाउन्होंने कहा कि 2024 में हमें चालीस में चालीस सीटें जिताइए। फिर 2025 में बिहार में भी भाजपा की सरकार बनाइए। दंगा करने वालों को उल्टा कर सीधा करने का काम करेंगे। शाह ने आमजन की भीड़ से फिर सवाल किया– बिहार की चालीस में चालीस सीटें मोदी जी को देंगे क्या? हां में जवाब पर भी शाह संतुष्ट नहीं हुए। फिर कहा– मोदी जी को सुनाई नहीं पड़ा होगा, जोर से बोलिए। 2024 में मोदी जी की सरकार बनाएंगे?

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि पटवाल का किया स्वागत

**कोटद्वारः** पूर्व ब्लाक प्रमुख नैनीडांडा रश्मि पटवाल के सांगठनिक जनपद कोटद्वार की महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पहुंचकर उनको बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस मजबूती की ओर बढ़ेगी। तत्पश्चात रश्मि पटवाल ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की, जहां पूर्व मंत्री ने भी उनको बधाई दी। मौके पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी व एडवोकेट नीलम रावत को भी प्रदेश कार्यकारिणी में महामंत्री पद पर नामित होने पर बधाई दी।इस अवसर पर महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष शकुंतला चौहान, बलबीर सिंह रावत, अमित राज सिंह,सुनील दत्त सेमवाल और अनिल चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावधानः प्रवासियों के बंद मकानों पर चोरों की नजर, नगदी व सामान कर रहे साफ

## पौखड़ा के अंतर्गत ग्राम मटगल (बगड़ीगाड़) टूटे छह परिवारों के घरों के ताले

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अपराध से दूर पहाड़ की शांत वादियों में चोर सक्रिय होने लगे हैं। एक ओर जहां कुछ सप्ताह पूर्व चोरों ने बीरोंखाल ब्लॉक के अंतर्गत चोरखिंडा मल्ला गांव में नौ मकानों के ताले तोड़ दिए थे। वहीं, अब पौखड़ा के अंतर्गत ग्राम मटगल (बगड़ीगाड़) में भी चोरी की घटनाएं सामने आई है। चोरों ने मंदिर के साथ ही प्रवासियों के घरों के ताले तोड़ वहां रखी नगदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से सरकारी सिस्टम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अचानक बढ़ी चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों को चिंता में डाल दिया है।

चौबट्टाखा तहसील के अंतर्गत मटगल (बगड़ीगाड़) गांव में कुछ दिन पूर्व चोरों ने छह प्रवासियों परिवारों के बंद मकानों पर धावा बोलते हुए वहां रखी नगदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया।

घर के आंगन में टूटे पड़े तालों को देखकर ग्रामीणों ने प्रवासियों को फोन से इसकी सूचना दी। ग्रामीण नवीन सिंह रावत ने बताया कि चोरों ने गांव में स्थित झंडा देवी मंदिर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंदिर से माता का छत्र व दानपात्र चोरी कर दिया गया है।

वहीं, प्रवासी भगवान सिंह रावत के घर से चांदी के सिक्के, तांबे के बर्तन, विजय सिंह रावत के मकान से बच्चों की चांदी की धगुली, सूट व 60 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया गया। कुछ दिन पूर्व अपने बच्चों से मिलने दिल्ली गई आशा देवी के घर पर भी चोरों ने धावा बोला है। यहीं नहीं एक मकान में छह परिवार रहते थे। इन सभी के कमरों को भी चोरों ने खंगाल दिया है। घटना से राजस्व पुलिस व ग्राम प्रधान को अवगत करवाया गया। लेकिन, अब तक समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।



पौखाल के मटगल (बगड़ीगाड़) गांव में चोरों द्वारा खंगाला गया सामान

### प्रवासियों के मकानों को बना रहे निशाना

चोर पहाड़ों में प्रवासियों के बंद पड़े मकानों को अपना निशाना बना रहे हैं। गांव में अंधेरा होने के बाद चोर घरों का ताला तोड़ सामान साफ कर रहे हैं। अचानक बढ़ रही चोरी की घटनाओं के पीछे किन लोगों का हाथ है यह सबसे बड़ा सवाल है।

## बाबा के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़, राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रविवार को श्री सिद्धबली मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने घंटों कतार में खड़े रहकर बाबा का अशीर्वाद लिया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित बाबा सिद्धबली के दर पर रविवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बाबा सिद्धबली से सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि रविवार को बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

बाबा के दर्शन के लिए मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी लाइन लगी हुई थी। भक्तों के लिए मंदिर में भंडारा भी लगाया गया था। दोपहर तक बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्तों के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई थी।

बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने मंदिर दर्शन को आ रहे भक्तों के वाहनों को बुद्धा पार्क के समीप ही पार्क करवा दिया था।

यहां से भक्तों को करीब एक किलोमीटर पैदल मंदिर का सफर तय करना पड़ा। वहीं, उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के विभिन्न गांव से ट्रैक्टर–ट्राली में आने वाले भक्तों के ट्रैक्टर–ट्राली भी कौड़िया चैक पोस्ट पर रोक दिए गए थे।

व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई थी।



कोटद्वार में बुद्धापार्क के समीप सिद्धाबली को जाने वाले मार्ग पर लगा वाहनों का जाम

## शतायु राजेंद्र सिंह बिष्ट का किया सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** वरिष्ठ नागरिक संगठन के सदस्यों और पदाधिकारियों की ओर से सौ वर्ष की अवस्था वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के क्रम में शिब्बूनगर निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट का सम्मान किया गया।

संगठन के सदस्य अध्यक्ष पी एल खंतवाल के नेतृत्व में राजेंद्र सिंह बिष्ट के निवास पर पहुंचे और उन्हें माल्यार्पण, शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर राजेंद्र सिंह बिष्ट ने संगठन की परंपरा का स्वागत करते हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रिपुदमन सिंह, जयवीर सिंह, जे पी ध्यानी, विनोद नेगी, महेंद्र अग्रवाल, श्रीकृष्ण सिंघानिया और प्रदीप अग्रवाल आदि थे।

## संगठन ने 32 वीर नारियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** असर राइफल्स पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की ओर से क्षेत्र की 32 वीर नारियों को सम्मानित किया गया। कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कोटद्वार स्थित एक वैडिंग प्वाइंट में कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के महासचिव वीटी नायर ने किया। तत्पश्चात वक्ताओं ने असम राइपल्स को दोहरी कंमाड से मुक्त करने पर जोर दिया। कहा कि असम राइफल्स को भी रक्षा मंत्रालय के अधीन कर देना चाहिए। जिससे असम राफल्स में कार्यरत सैनिकों को भी पेंशन भत्तों का लाभ मिल सके।

संगठन के महासचिव वीटी नायर ने कहा कि असम राइपल्स की तमाम विसंगतियों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में मुकदमा चल रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार से भी असम राइफल्स को दोहरी कमांड से मुक्त करने की मांग की है। कहा कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे 2024 के लोक सभा के चुनाव में अपनी ताकत का एहसास करवाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर नारायण सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह रजवार, सुरेंद्र सिंह बाजवा, उम्मेद सिंह मेहता, बद्री सिंह, मोहन सिंह बिष्ट मौजूद रहे।



आयोजित कार्यक्रम में वीर नारियों को सम्मानित करते सदस्य

## नंदन, श्याम और खुशाल उपाध्यक्ष बने

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः भाजपा किसान मोर्चा ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमर सिंह नेगी ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नंदन सिंह बिष्ट, श्याम सिंह रावत व खुशाल रावत को उपाध्यक्ष, भारत पंवार, पंकज स्वरूप रतूड़ी को महामंत्री, बचन सिंह भंडारी, विरेंद्र सिंह, रजनी रावत, हरेंद्र रावत को मंत्री, पदम सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष, विपिन नेगी को मीडिया प्रभारी व बचे सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

नवनियुक्त महामंत्री पंकज स्वरूप रतूड़ी ने कहा कि वे दायित्वों का निवर्हन कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे व किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करेंगे।

## गंगा तट पर गंभीरता से साथ करें अतिक्रमण पर कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः नमामि गंगे की जिला स्तरीय गंगा समिति की समीक्षा बैठक में डीएम ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों में सीवरेज निर्माण, नाला टेंपिंग, बायो मेडिकल निस्तारण, गंगा तट पर अतिक्रमण हटाने सहित अन्य कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश अफसरों को दिए।नमामि गंगे की बैठक में डीएम डा.आशीष चौहान ने संबंधित अफसरो को सीवरेज के संग्रह व निस्तारण, घरेलू, होटल, धर्मशाला, आश्र, कैंप के कूड़ा निस्तारण, नगर पालिका को ठोस कूड़ा निस्तारण, उद्योग अपशिष्ट, नदियों के किनारे खनन, जैव चिकित्सा अवशिष्ट, गंगा तट पर अतिक्रमण, गंगा नदी के न्यूनतम पर्यावरण प्रवाह, जल गुणवत्ता, सीवरेज उपचारित जल का पुन, भूजल निकासी का विनियमन सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि क्षेत्र में होटल, धर्मशाला, कैंप व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान सीवरेज लाइन से नहीं जुड़े वे जल्द ही अपने सीमा के तहत छोटे बायो डाईजस्टर बनाए। कहा कि उक्त कार्यवाही न करने पर संबंधित स्वामियों को नोटिस जारी करें। उन्होंने सभी अधिकारियों से हर दिन निकलने वाले गीले, सूखे व प्लास्टिक कूड़े, उसके निस्तारण की विस्तार से जानकारी ली। डीएम ने डीएफओ गढ़वाल को एक्शन प्लान तैयार करने को कहा। डीएम ने नगर पंचायत जौंक के ईओ को सिवर ट्रिट प्लांट की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध, एसडीएम सदर आकाश जोशी, श्रीनगर अजयबीर सिंह, पीएम स्वजल दीपक रावत आदि शामिल थे।

## मिजोरम को हरा उत्तराखंड ने चखा जीत का स्वाद

हल्द्वानी। नेशनल महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में आखिरकार मेजबान उत्तराखंड ने अपनी पहली जीत हासिल कर ली है। रविवार को खेले गए मुकाबले में उत्तराखंड ने मिजोरम को एकतरफा शिकस्त दी। 27वीं हीरो सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में इन दिनों कई राज्यों में 6 ग्रुप के मुकाबले खेले जा रहे हैं। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में ग्रुप 2 के मुकाबले खेले जा रहे हैं। सातवें दिन रविवार को पहला मुकाबला उत्तराखंड और मिजोरम के बीच खेला गया।

## संगठन ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दो अप्रैल 2018 को एससी, एसटी एक्ट में संशोधन को लेकर हुए आंदोलन में मारे गए लोगों को शैल शिल्पी विकास संगठन ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने कहा कि समाज के हित में दिए गए लोगों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

रविवार को संगठन के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य कहा कि वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने एससी, एसटी एक्ट में संशोधन किया था। जिसके विरोध में अनु.जाति, जनजाति के लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में कई लोगों की जान भी चली गई थी। कहा कि आंदोलन का ही परिणाम था कि सरकार को संसद में अध्यादेश लाकर कानून को पूर्व की तरह रखने का निर्णय लिया।

कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। वहीं, बैठक में संगठन के सदस्यों ने 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अंबेड़कर की जयंती को धूमधाम से मनाने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर केशीराम निराला, जयदेव सिंह, ओम प्रकाश कोटला, सुरवीर खेतवाल आदि मौजूद रहे।



आयोजित बैठक में लोगों को श्रद्धांजलि देते संगठन के सदस्य

## अतिक्रमण के खिलाफ सड़क पर उतरी पुलिस, काटे चालान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शहरवासियों के लिए नासूर बन रहे अतिक्रमण को लेकर आखिर पुलिस की नींद खुल ही गई। पुलिस ने रविवार को सड़क पर उतरकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान एक दर्जन से अधिक अतिक्रमणकारियों के चालान भी काटे गए।

रविवार सुबह जैसे ही पुलिस अतिक्रमण अभियान चलाने सड़क पर उतरी अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। अतिक्रमणकारी अपना सामान लेकिर इधर उधर दौड़ने लगे।

पुलिस ने स्टेशन रोड, गोखले मार्ग सहित अन्य स्थानों पर बेतरतीब तरीके से खड़े रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों के खिलाफ कार्रवाई की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि टीम ने स्टेशन रोड, गोखले मार्ग सहित अन्य स्थानों पर अभियान चलाया।

पुलिस ने एक दर्जन से अधिक रेहड़ी–ठेली व फड वालों के चालान करते हुए उन्हें दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। अभियान के दौरान पुलिस ने आमजन को भी यातायात के प्रति भी जागरूक किया। वहीं, सड़क किनारे सफेद पट्टी के अंदर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।



कोटद्वार के गोखले मार्ग में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस

## शिक्षक संघ ने प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती का किया विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** राजकीय शिक्षक संघ पौड़ी ने प्रधानाचार्य सीधी भर्ती का विरोध किया है। संघ ने जल्द ही यह प्रस्ताव वापस नहीं लिए जाने पर बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के बहिष्कार की चेतावनी दी है।

रविवार को पौड़ी में आयोजित संघ की बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुसांई, जिलामहामंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि राजकीय इंटरमीडिएट कालेजों में अभी तक प्रधानाचार्य का पद शत–प्रतिशत पदोन्नति का रहा है। जिसमें एलटी और प्रवक्ता दोनो संवर्ग के शिक्षकों का कोटा निर्धारित है लेकिन माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सरकार को 693 प्रधानाचार्य के पदों को सीधी भर्ती से भरने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है।

कहा कि यह लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे वरिष्ठ शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण है। शिक्षक पदोन्नति न होने से जिस पद पर सेवा में आए थे उसी पद से सेवानिवृत्त हो रहे है। कहा कि प्रधानाचार्य के पदों को सीधी भर्ती से करने पर शिक्षक बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन बहिष्कार के लिए बाधित होंगे। बैठक में जिला संरक्षक जयदीप रावत, जिला उपाध्यक्ष मनोज काला, राजेश भटट, रीना रावत, भास्कर भारद्वाज, रतन रावत, आशीष खर्कवाल आदि शामिल थे।

## स्वच्छ व स्वस्थ समाज निर्माण में सहयोग करें ग्रामीण

**पौड़ीः**राठ महाविद्यालय पैठाणी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। शिविर में क्षेत्र और ग्रामीण समाज में फैली अनेक कुरु तियों और अंधविश्वास के खिलाफ स्वयंसेवियों नें रैली और गोष्ठियों के माध्यम से ग्रामीणों में जागरूकता का संचार किया।

गंदगी के खिलाफ स्वयंसेवियों नें कई गंदे स्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाया। जिससे ग्रामीण काफी प्रभावित दिखे। शिविर के समापन समारोह में कई स्वयंसेवियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। शिविर में स्वयंसेवी अनिता, अंजलि भंडारी, अंजलि राणा, शिवानी, करिश्मा, मीनाक्षी, शिवानी, नीलम, सरिता, सूरज गुसांई आदि की विशेष भूमिका के लिये उन्हें विभिन्न क्षेत्रो के बेस्ट पुरूस्कार प्रदान किए गए। प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी नें शिविर के कुशल संचालन के लिए सभी स्वयं सेवियों को बधाई दी। कहा कि सामूहिकता में बड़ी ताकत है। हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य भी यही है की हम सभी लोग समाज और मानवता के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दें हम भविष्य में जहां भी रहें समाज और मनुष्यता के लिये काम कर सकें । शिविर के उद्देश्यों को साझा करते हुए उनहोंने कहा समाज में सहिष्णुता और मिलजुलकर काम करने प्रवृत्ति विकसित हो।

## चार सड़क मार्गों के लिए दस करोड़ स्वीकृत

**कोटद्वारः** लैंसडौन विधानसभा क्षेत्र में चार सड़क मार्गों के चौड़ीकरण व डामरीकरण के लिए दस करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। विधायक दिलीप रावत ने बताया कि लंबे समय से जड़ाऊखांद मजेड़ाबैंड मोटर मार्ग सहित अन्य सड़कों के चौड़ीकरण डामरीकरण की मांग हो रही थी। शासन से चार सड़कों के लिए दस करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। सड़कों का डामरीकरण होने से इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सकेगी। नैनीडांडा ब्लाक में बहुप्रतीक्षित जड़ाउखांद मजेड़ाबैंड मोटर मार्ग व कोटा पिंजोली मोटर मार्ग के चौड़ीकरण डामरीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत होने पर नैनीडांडा भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी, महामंत्री सुनील चौहान व तेजपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रताप, नीलम मैंदोलिया, सत्यपाल सिंह रावत, मुन्नी ध्यानी, मनोज खर्कवाल, बचन सिंह, प्रकीर्ण नेगी, मनीष पटवाल, राजेंद्र पटवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों ने विधायक दिलीप रावत का आभार जताया है।

## जी 20 पर हुई भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिता



चम्पावत। पीजी कॉलेज में जी 20 पर भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। वाद विवाद में अंकित फत्र्याल, भावना त्रिपाठी, रितिक ढेक विजेता बने। भाषण में में बबीता जोशी, बबीता पंत और सुनीता अव्वल रहीं। पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ.संगीता गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कोविड 19 लॉकडाउन के समय सीखने के लिए डिजिटल ट्रांसफार्मेशन का प्रभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। वाद विवाद में रितिक गहतोड़ी, प्रियंका चंद और भाषण में पूजा राय, अंजलि कठायत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति मेलकानी, गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ.अपराजिता, कार्यक्रम संयोजक डॉ.नीरज कांडपाल, डॉ.अनीता खर्कवाल, डॉ.सोनाली कार्तिक, डॉ.स्वाति जोशी, डॉ.सोनाली कार्तिक, डॉ.एसपी सिंह, डॉ.ममता गंगवार, डॉ.अर्चना त्रिपाठी, डॉ.भगत लोहिया, डॉ.सुमन पांडेय, डॉ.स्वाति मौजूद रहीं।

### सात अप्रैल को होगा आइसा का जिला सम्मेलन

हल्द्वानी। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) का जिला सम्मेलन 7 अप्रैल को रामनगर में आयोजित किया जाएगा। रविवार को प्रेस को जारी बयान में जिला संयोजक धीरज कुमार ने यह जानकारी दी।

कहा कि युवा विरोधी नीतियों के कारण शिक्षा महंगी और रोजगार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है। छात्रों और युवाओं की आवाज मजबूत करने के लिए संगठन का जिला सम्मेलन किया जा रहा है। इसकी तैयारी में जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। हल्द्वानी, लालकुआं, नैनीताल, रामनगर के सहित पूरे जिले के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे।

## शिक्षा सत्र शुरू, नहीं पहुंची विद्यालयों में पुस्तकें

बागेश्वर। एससी, एसटी शिक्षक एसोसिएशन की यहां आयोजित बैठक में विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंचने पर चिंता जताई है। वक्ताओं ने कहा कि पिछली गलतियों से भी विभाग ने सबक नहीं लिया। गत वर्ष भी नए सत्र प्रारंभ के होने के पांच–छह महीने बाद छात्र–छात्राओं को पुस्तकें उपलब्ध हो पाई थी। इससे पूरी पढ़ाई प्रभावित रही।

रविवार को एक होटल में आयोजित बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा ने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्य के विभागीय भर्तियों का विरोध किया जाएगा। यह भर्ती को पूर्व से चले आ रहे शिक्षकों की वरिष्ठता के विरुद्ध है।

इसमें एसोसिएशन कतई स्वीकार नहीं करेगा। वक्ताओं ने सरकार से राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब राज्यों की भांति उत्तराखंड में भी शिक्षक एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना की बहाली



की मांग की। एसोसिएशन भी पुरानी पेंशन बहाली के लिए भविष्य में प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति तैयार करेगा। कहा कि प्रदेश के प्राथमिक से लेकर माध्यमिक तक के स्कूलों में शिक्षक, प्रधानाध्यापकों व प्रधानाचार्य के हजारों पद रिक्त हैं। इनसे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। नए शिक्षा सत्र में शीघ्र ही इन पदों पर नियुक्ति एवं विभागीय पदोन्नति की मांग की। संचालन हरीश आगरी ने किया। यहां मंडलीय महामंत्री संजय टम्टा, गोविंद प्रसाद आगरी, गिरीश चंद्र धोनी, सरजीत कुमार, त्रिभुवन लोबियाल, जगमोहन टम्टा, विवेकानंद टम्टा, सुधीर कुमार, नवीन त्रिकोटी, सरजीत कुमार, मनोज कुमार शिल्पकार रहे।

## स्नो स्कीइंग की बारीकियां सीख रहे युवा

पिथौरागढ़। युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के लिए स्नो स्कीइंग के गुर सिखाए जा रह हैं। यह प्रशिक्षण विशेषज्ञों की देखरेख में समुद्र सतह से करीब 3400मीटर की उंचाई पर स्थित खलिया में जारी है। युवाओं स्नो स्कीइंग के गुरु सिखा रहे हैं। मोनाल संस्था की ओर से आयोजित स्नो स्कीइंग प्रशिक्षण का शुभारंभ बीते रोज महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रवि जोशी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्नो स्कीइंग क्षेत्र की पहचान है। समय–समय पर ऐसे कार्यक्रम होने से पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही प्रशिक्षण पाकर युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। संस्था के सचिव सुरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण जिला पर्यटन विभाग के सौजन्य से जनजाति



उप योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में बीस युवा हिस्सा ले रहे हैं। बाद में मुख्य प्रशिक्षक सुरेंद्र सहित मनोज कुमार, आशीष उप्रेती, राहुल कुमार व सहायक प्रशिक्षक हेमा सोरागी, मंजू फर्स्वाण ने युवाओं को स्की पर बैलेंस बनाना, स्की उपकरणों की जानकारी दी। यहां लता जैम्याल, यशोदा जैम्याल, भावना धप्वाल, चन्दन सिंह, प्रज्ञा रिलकोटिया, खीला लस्पाल, यश रावत, योगेश गनघरिया, योगेश ह्यांकी मौजूद रहे।

### हेल्थ विजटर के रिक्त पदों को भरा जाए

हल्द्वानी। उत्तराखंड मातृ–शिशु एवं परिवार कल्याण महिला कर्मचारी संघ ने हेल्थ विजटर के रिक्त पदों को भरने व नियमानुसार दुर्गम में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सुगम में ट्रांसफर करने की मांग की है। रविवार को पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शोभा टम्टा ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का नियमानुसार ट्रांसफर किया जाए। बैठक में हेल्थ विजटर के रिक्त पद भरने की मांग के साथ ही समान कार्य के समान पद के अनुसार ग्रेड पे देने की मांग की गई। इस दौरान नवनियुक्त महिला कर्मचारियों का स्वागत कर उनको सदस्यता भी दिलाई गई।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया



चम्पावत। सैलानीगोठ में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। खटीमा से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की आंखों की जांच की। डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ यूसुफ अंसारी, डॉ सूरज कुमार, अमित कोहली ने ग्रामीणों को आखों की सुरक्षा की जानकारी दी। ग्राम प्रधान रमिला आर्या ने बताया कि ग्रामीणों को निशुल्क दवाइयां भी दी गई। शिविर में आशा राय, गीता चंद, हेमा देवी, नंदन सिंह, ममता चंद, हरीश प्रसाद, सरस्वती देवी, सावित्री देवी, कविता थापा मौजूद रहीं।

## नलकूप का कनेक्शन कटने से पानी की किल्लत



चम्पावत। बस्तिया में नलकूप कनेक्शन काटे जाने से पानी की किल्लत हो गई है। प्रधान ने डीएम को पत्र भेज कनेक्शन जोड़े जाने की मांग की है। प्रधान कविता धौनी ने बताया कि बस्तिया में नलकूप विभाग का एकमात्र ट्यूबवैल लगा हुआ है। इससे सिंचाई के साथ ही पेयजल की आपूर्ति भी होती है। लेकिन बीते सप्ताह ऊर्जा निगम ने बिल जमा नहीं करने पर ट्यूबवैल का संयोजन काट दिया। इससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से पेयजल की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

### एसएसबी ने ग्रामीणों को सोलर लाइट बांटी

पिथौरागढ़। धारचूला नाबी में एसएसबी 11वीं वाहिनी ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को सोलर लाइट बांटी।

वाहिनी के सहायक कमांडेंट बृजमोहन सिंह के नेतृत्व में जवान नाबी गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 35 ग्रामीणों को सोलर लाइट वितरित की। सहायक कमांडेंट सिंह ने बताया कि एसएसबी प्रतिवर्ष अपने तैनाती क्षेत्रों में नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न सामाग्री का वितरण करती है। कहा बीते सप्ताह भी रोंगकॉग में कार्यक्रम कर ग्रामीणों को सिंटेक्स बांटे गए।

## तीन मीट कारोबारियों पर मुकदमा दर्ज

पिथौरागढ़। खाद्य सुरक्षा विभाग ने तीन मीट कारोबारियों पर भी मुकदमा पंजीकृत किया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि बीते रोज उन्होंने नगर के सिनेमा लाइन और रोडवेज बस स्टेशन के समीप स्थित मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खुले मे मीट बेचने पर लल्ला मटन शॉप, गंदगी और खाद्य पंजीकरण शर्तो का पालन न करने पर विभाग ने कुदरत अली मटन शॉप और बिना स्लाटर हादस में बकरा कटवाए मांस बेचने पर झटका मीट सेंटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि मिलावट को



लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद्य सामाग्रियों में मिलावट पर रोकथाम लग सके, इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। कहा उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 18001804246 में संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षक कर्मचारियों का प्रदर्शन

चम्पावत। बाराकोट में शिक्षक और कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। ऐसा नहीं किए जाने पर उन्होंने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। रविवार को जीआईसी बाराकोट में एनएमओपीएस के ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष नगेंद्र जोशी ने कहा कि पेंशन हर कर्मचारी का संवैधानिक अधिकार है।

उन्होंने इस अधिकार को लेने के लिए सभी कार्मिकों और शिक्षकों को आर–पार की लड़ाई के लिए एकजुट होने के लिए कहा। इस



दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों ने 16 अप्रैल को जिला मुख्यालय में होने वाली रैली को सफल बनाने पर चर्चा की। प्रदर्शन करने वालों में रमेश चंद्र जोशी, मीना भंडारी, कविता बिष्ट, सुनील कुमार, विनोद जोशी, पंकज कुमार, योगेश चतुर्वेदी, रमेश जोशी, भारती पांडेय, शुभम पंत, भुवन नाथ, जानकी चतुर्वेदी, गीता मुरारी, दीपिका जोशी, शालिनी खर्कवाल मौजूद रहीं।

### हल्द्वानी के 43 शिक्षकों को एक मंच से ससम्मान विदाई

हल्द्वानी। 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले हल्द्वानी ब्लॉक के 43 शिक्षकों को रविवार को एक मंच पर ससम्मान विदाई दी गई। इस दौरान सभी के सेवाभाव को याद कर आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया। शिक्षा विभाग की ओर से रविवार को पीलीकोठी स्थत नरसिंह पैलेस में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सत्र 2022–23 में सेवानिवृत्त होने वाले हल्द्वानी ब्लॉक के माध्यमिक और प्राथमिक स्कूलों के 2 प्रधानाचार्यों, 12 प्रवक्ताओं, 10 एलटी सहायक अध्यापकों और 21 प्राथमिक शिक्षकों को सम्मानित कर उन्हें विदाई दी गई। मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, खंड शिक्षा अधिकारी हल्द्वानी एचके मिश्रा ने सभी की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## उनिया– सोराग मोटर मार्ग की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

बागेश्वर। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन उनिया– सोराग मोटर मार्ग की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क में घास उगने लगी है। उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत जिलाधिकारी से इस संबंध में शिकायत करते हुए कार्य गुणवत्ता के आधार पर किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम्य सड़क योजना के तहत उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। दो साल के अंतराल में मात्र 11 किमी मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है।

अत्यंत धीमी गति से चल रहे इस निर्माण कार्य में आंगणन के अनुसार मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मानक के अनुसार दीवारों का कार्य नहीं किया जा रहा



है। कलमठ व पैराफिटों में भी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। पिंडर नदी के किनारे बनने वाली स्टील गार्डर पुल में भी अब तक कार्य ने गति नहीं पकड़ी है। जिससे बरसात में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मोटर मार्ग की जांच करने व गुणवत्ता के साथ तीव्रता के साथ कार्य करने की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मांग नहीं मानी गई तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन में हुकुम सिंह सोरागी, दीवान सिंह दानू, अर्जुन सिंह दानू, मोहन सिंह, गोपाल सिंह, केशर सिंह, कैलाश सिंह, दिनेश सिंह, केदार सिंह, दीपा देवी, राम सिंह, पुष्पा, धनुली, हिमुली, तरूली देवी आदि के हस्ताक्षर हैं।

## आवास विकास दफ्तर में आगजनी– चोरी की होगी मजिस्ट्रेटी जांच

हल्द्वानी। आवास विकास दफ्तर में हुई आगजनी व दस्तावेज चोरी की घटना को विभाग ने गंभीरता से लिया है। मामले में अपर आयुक्त आवास विकास पंकज उपाध्याय ने मजिस्ट्रेटी जांच के लिए शासन को संस्तुति भेज दी है। शनिवार को प्रशासन के संज्ञान में हल्द्वानी स्थित आवास विकास के दफ्तर में दस्तावेजों की चोरी व आगजनी की घटना का मामला सामने आया था। आवास विकास विभाग के अधिकारियों की टीम ने मौके का निरीक्षण किया था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना के दौरान दफ्तर में रखी करीब 300 फाइलों को जला दिया गया या फिर उसमें से महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चोरी कर लिया गया है। अपर आयुक्त आवास विकास पंकज उपाध्याय ने उत्तराखंड आवास विकास परिषद को मजिस्ट्रेटी जांच के लिए संस्तुति भेजी है। उपाध्याय ने बताया कि दफ्तर के विभाग में लंबित 300 फाइलें व नक्शे रखे गए थे। इनमें से अधिकांश फाइलों को जला दिया गया है या फिर उन्हें चुराए जाने की भी आशंका है। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी स्थित आवास विकास दफ्तर की 2 हजार फाइलें व मूल संपत्ति के रजिस्टर जसपुर दफ्तर में सुरक्षित हैं। यहां नष्ट हुई फाइलों को जसपुर दफ्तर से रिकवर कर लिया जाएगा।

**अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा**

मामले में आवास विकास परिषद के अपर सहायक अभियंता अंकित सिंह बोरा ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि दोपहर करीब डेढ़ बजे लिपिक अंकित आर्या कार्यालय गए थे।

## प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे भुल्लर

चम्पावत। युकां के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने भाजपा पर युवाओं के भविष्य के साथ खेलने का आरोप लगाया है। यहां हुई बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। युकां प्रदेश अध्यक्ष रविवार को लोहाघाट पहुंचे। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष चिराग फर्त्याल की अध्यक्षता और भुवन चौबे के संचालन में हुई बैठक में भुल्लर प्रदेश सरकार पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खतरे में डाल रही है। उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र बचाने के लिए मजबूती के साथ खड़े होने की अपील की। कहा कि केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार की इस नीति का पुरजोर विरोध करेंगे। अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर महिला, युवाओं और बेरोजगारों के हितों से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। महंगाई और भ्रष्टाचार लगतार बढ़ रहा है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार को इससे कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोक सभा चुनाव में एकजुट होकर कार्य करने को कहा। बैठक में युकां जिलाध्यक्ष विनोद बडेला, सूरज मिश्रा, शैलेन्द्र राय, डॉ.महेश ढेक, चांद बोहरा, अशोक गंगोला, प्रकाश माहरा, अभिषेक गंगोला, नानू बोहरा, अंकित भट्ट, गौरव महरा, नितिन फर्त्याल, पवन फर्त्याल, प्रवीन माहरा, विकास माहरा, लोकेश पांडेय, हिमांशु फर्त्याल, सागर माहरा, अशोक करायत, पवन करायत, अमित देव, साहिल, पंकज दत्ता आदि मौजद रहे।

### नरीमन चौराहे से मंडी तक सड़क का जीणोद्धार शुरू

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नरीमन चौराहे से मंडी तक सड़क जीणोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। एनएच 12.33 करोड़ से 9 किलोमीटर सड़क का जीणोद्धार कराएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री भट्ट ने नरीमन चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सड़क का जीणोद्धार कार्य शुरू कराया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग एनएचएआई के पास होने से सुधारीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा था। इसके चलते मार्ग को एनएच को हस्तांतरित कराया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में मंडी से तीनपानी तक सड़क को मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत चौड़ा और सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि शहर के विकास के लिए सरकार निरंतर बजट दे रही है। शहर में यातायात के दबाव को कम करने के लिए 82 लाख रुपये से फ्लाईओवर के लिए सर्वे किया जा रहा है।

### 42 हेक्टेयर क्षेत्र में बनेगा बॉयो डायवर्सिटी पार्क

हल्द्वानी। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रविवार को गौलापार में प्रस्तावित बॉयो डायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से पार्क के निर्माण की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 42 हेक्टेयर भूमि पर पार्क प्रस्तावित है। पार्क को जैव विविध की वनस्पतियों के साथ ही पर्यटन को ध्यान में रखते हुए आकर्षक बनाया जाएगा। मौके पर मीडिया से बातचीत में भट्ट ने कहा कि दूरदराज से आने वाले पर्यटकों के लिए हल्द्वानी में कोई टूरिस्ट डेस्टिनेशन नहीं है, इसीलिए सरकार बॉयो डायवर्सिटी पार्क के साथ ही क्षेत्र में जू का निर्माण करेगी। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं पीके पात्रों, डीएफओ संदीप कुमार,प्रताप रैक्वार, बालम बिष्ट, प्रकाश बिष्ट मौजूद रहे।

## मिड डे मिल की गुणवत्ता जांचने को सैंपल लेगा प्रशासन

पिथौरागढ़। जनपद के सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं के बच्चों को परोसे जाने वाले मिड डे मिल की गुणवत्त जांचन को प्रशासन सैंपल लेगा। डीएम रीना जोशी ने एसडीएम से विद्यालयों का निरीक्षण कर मिड डे मिल के सैंपल लेकर जांच करवाने को कहा है। उन्होंने इस संबंध में आदेश जारी करने को भी कहा है। इसके अलावा सीमांत के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अब अवकाश के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को भी प्रार्थना पत्र देना होगा।

### सम्मेलन के लिए अफसरों को बनाया प्रभारी

हल्द्वानी। फ्रैजाइल माउंटेन इकोसिस्टम में शहरीकरण और विकास पर सम्मेलन का आयोजन 5 और 6 अप्रैल को उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल में किया जाएगा। इसमें उत्तराखंड के 22 शहरों के अलावा हिमालय, पूर्वोत्तर राज्यों के करीब 10 शहरों के नियोजक, प्रशासक और नीति निर्धारक प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम स्थल में व्यवस्थाएं बनाने के लिए अकादमी के संयुक्त निदेशक ने आदेश जारी कर शहरी विकास निदेशालय समेत निकायों के अफसर–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने की बात कही है। स

## केदारघाट पर लोगों को योगासन के गुर सिखाए



उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के केदारघाट स्थित गंगा आरती स्थल पर रेडक्रॉस टॉक्स एंड योग वर्कशॉप कार्यक्रम के तहत योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली योगाचार्या डॉ. प्रिया आहुजा ने स्थानीय निवासियों को योगासन कराए तथा इसके फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रविवार को केदारघाट गंगा आरती स्थल पर सुबह सात बजे दीप प्रज्वलन तथा गंगा आरती के साथ योगा कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद डॉ. प्रिया आहुजा ने बच्चे, युवा और बुजुर्गों को विभिन्न योगासन करवाए। इस दौरान डॉ. प्रिया ने सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, बुद्ध पद्मासन, भद्रासन, चक्रासन, धनुरासन, हलासन, गोमुखासन, अष्टवक्रासन आदि के योगासन करवाकर इसके फायदों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुबह खुली हवा में योगसन करने के अलग फायदे हैं। इससे स्वस्थ जीवन की कल्पना को साकार किया जा सकता है। जीवन के हर लक्ष्य और योग और ध्यान की मदद से पाया जा सकता है। इस मौके पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन माधव प्रसाद जोशी, लोकेंद्र सिंह बिष्ट, सभासद महावीर चौहान, जय प्रकाश भट्ट, राजेश जोशी, अनिरूद्ध उभान, आकाश भट्ट आदि थे।

### पुलिस ने लोनिवि संग किया सिरोबगड़ के वैकल्पिक मार्ग का संयुक्त निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। आगामी केदारनाथ यात्रा को देखते हुए पुलिस ने संबंधित विभाग के अफसरों के साथ ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे और वैकल्पिक मार्ग छांतीखाल का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान सिरोबगड़ के वैकल्पिक मार्ग की जानकारी ली गई। ताकि सिरोबगड़ बंद होने की स्थिति में वाहनों की आवाजाही कराई जा सके। रविवार को पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल द्वारा लोनिवि के अधिशासी अभियन्ता एवं कोतवाली निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी, यातायात निरीक्षक के साथ एनएच के अधिकारियों की मौजूदगी में सिरोबगड़ के वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया। सिरोबगड़ बंद होने की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग खांकरा से छांतीखाल होते हुए श्रीनगर पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। बरसात में सिरोबगड़ के बंद होने की संभावना को देखते हुए यात्रियों एवं राहगीरों को दिक्कतें न हो इसलिए छांतीखाल मोटर मार्ग को बेहतर स्थिति में रखने के निर्देश दिए।

## श्रीनगर में मांगल गीतों की रही धूम



श्रीनगर गढ़वाल। प्रगतिशील जनमंच की ओर से पांच दिवसीय तृतीय महिला जागृति समारोह–2023 के दूसरे दिन मांगल गीत प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र की विभिन्न मांगल टीमों ने प्रतिभाग कर प्रस्तुतियां दी। इससे पूर्व सुरक्षित स्कूटी चालन प्रतियोगिता व रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भी महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के पूर्व डीन प्रो. एसएस रावत, विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब अध्यक्ष खिलेंद्र चौधरी व भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण ने किया। रामलीला मैदान में आयोजित तृतीय महिला जागृति समारोह के दूसरे दिन रविवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रो. एसएस रावत ने कहा कि प्रगतिशील जनमंच के द्वारा महिलाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करने के लिए किया गया यह आयोजन सराहनीय है। उन्होंने समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जताई। विशिष्ट अतिथि खिलेंद्र चौधरी व भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। जिसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं।

मौके पर एसआई सुषमा रावत ने महिलाओं को नशे को जड़ से मिटाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## मोरी में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



उत्तरकाशी। मोरी पुलिस ने 18 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अभियुक्त के खिलाफ थाना मोरी के आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में अवैध नशे एवं मादक द्रव्यों के खिलाफ उत्तरकाशी पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मोरी की देखरेख में पुलिस टीम ने बीती सांय को फफराला मोड़ पर संदिग्ध वाहन की चेकिंग की।

इस दौरान 19 साल के शुभम रावत पुत्र देवेन्द्र सिंह रावत निवासी ग्राम नानाई, थाना मोरी को सोल्मेट ब्रांड की 18 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल श्याम बाबू, अनिल तोमर, बुद्धिराम आदि थे।

### 10 अप्रैल से निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण

नई टिहरी। पूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, अर्द्धसेना व पुलिस बल में भर्ती के लिए आगामी 10 अप्रैल से देहरादून में निःशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल योगेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया यह प्रशिक्षण 56 दिन का होगा। इच्छुकों को आगामी 7 अप्रैल तक सैनिक कल्याण कार्यालय में नाम दर्ज कराना होगा।

## पर्यटन गांव बार्सु झील में 20 हजार मत्स्य बीज डाले



उत्तरकाशी। विकासखंड भटवाड़ी के पर्यटन गांव बार्सु में ट्राउट मछली का उत्पादन ग्रामीणों की आजीविका का बेहतर साधन बन रहा है। ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत ने सीएमबीएडीपी योजना के अंतर्गत बार्सु झील में 20 हजार ट्राउट मत्स्य बीज डाले। झील में ट्राउट मछली आखेट पर्यटकों के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र रहता है। ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत ने बताया कि बार्सु झील मत्स्य उत्पादन में ग्रामीणों के लिए रोजगार का बेहतर जरिया साबित होगा। उक्त झील में बोट संचालन की कार्ययोजना बनाई गयी है, जिसमें बोटिंग तथा मत्स्य आखेट द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ–साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वैसे देखा जाए तो पर्यटन गांव बार्सु में ग्रामीण बड़ी मात्रा में ट्राउट फिश का उत्पादन करते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए आयाम स्थापित हुए हैं। यह झील दयारा बुग्याल के ट्रेकिंग रूट पर स्थित है। जिस कारण पर्यटन की दृष्टि से भी झील महत्वपूर्ण है। यहां पर्यटक रूक कर मत्स्य आखेट के साथ ही जल क्रीड़ा का आनन्द उठाते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान देविन्ता रावत, सहायक निदेशक मत्स्य यूपी सिंह, बिरेन्द्र दत्त कुकरेती, प्रवेन्द्र रावत आदि थे।

## कर्णप्रयाग के डिम्मर में सुरक्षित यात्रा के लिए हुई पूजा



चमोली। श्री बदरीनाथ धाम के पुजारी समुदाय डिमरियों के गांव डिम्मर सुरक्षित चार धाम यात्रा एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए धार्मिक अनुष्ठान किया गया। रविवार को आयोजित अनुष्ठान में गांव के श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में पूजा–अर्चना कर मनौती की गई। भगवान बदरीविशाल के महाभिषेक के लिए लाए जाने वाले तेल कलश यात्रा 12 अप्रैल से दो चरणों में आरंभ हो रही है। जिसके बाद 27 अप्रैल को भगवान बदरीविशाल के कपाट खुलते ही बदरीनाथ यात्रा शुरू हो जाएगी। रविवार को डिमरी केंद्रीय पंचायत और डिम्मर उमट्टा पंचायत द्वारा तेल कलश यात्रा व 2023 के सुखद व सुरक्षित यात्राकाल के लिए भगवान श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्री बद्रीविशाल महालक्ष्मी से पंचायत के द्वारा पूजा–अर्चना के साथ प्रार्थना की गई है। श्री बदरीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने भगवान श्री लक्ष्मी नारायण से पूरे डिमरी समुदाय की सुख समृद्धि के साथ ही विश्व के सभी सनातन धर्मावलंबियों के कल्याण की कामना भगवान श्री बदरी विशाल से की है। पंचायत के द्वारा भगवान की पूजा–अर्चना में केंद्रीय पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशुतोष डिमरी, महासचिव भगवती प्रसाद डिमरी, कोषाध्यक्ष टीका प्रसाद डिमरी, डिम्मर उमट्टा मूल पंचायत के सरपंच आचार्य विजय राम डिमरी, केंद्र पंचायत के वरिष्ठ सदस्य हर्षवर्धन डिमरी, गोपी डिमरी, शैलेंद्र डिमरी,संजय डिमरी प्रभुकांत, प्रकाश चंद्र डिमरी , मूल पंचायत के उप सचिव हेमचंद्र डिमरी, टीका प्रसाद डिमरी, प्रेम प्रकाश डिमरी, नरेश खंडूरी, जगन्नाथ डिमरी, जगदीश डिमरी, किशन डिमरी, टीटू डिमरी आदि ने भाग लिया।

पूजा अर्चना श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मोहन प्रसाद डिमरी द्वारा संपन्न की गई। केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी ने 12 अप्रैल से नरेंद्रनगर राज दरवार टिहरी से आरंभ होने वाली तेल कलश गाडू घड़ा यात्रा में सभी सनातन धर्मावलंबियों से भाग लेकर भगवान श्री बदरी विशाल के कलश का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त

नई टिहरी। थौलधार ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत रामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भरत सिंह बुटोला ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र सरकार की जनविराधी नीतियों से आम जनता त्रस्त है,सरकार जनता को पिछले नौ वर्षों से सपने दिखाकर गुमराह करने में लगी है। सरकार ने जनता की जमा पूंजी अपने मित्र अडानी की सेल कंपनियों में लगाकर डूबो दी। मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सवाल उठाने पर उनकी सदस्यता समाप्त करवा दी। कहा जो लोग पूर्व में लोकतंत्र बचाने की बचाने की बात करते थे, वही आज लोकतंत्र की हत्या करने पर तुले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करेगी। मौके पर धर्मवीर पंवार, सुरेश राणा, मंगल सिंह, अनिल राणा, विनोद शाह, सूरत तोपवाल, दीपालाल, मूर्ति सिंह आदि मौजूद थे।

## डीएम रूहेला ने किया स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक

उत्तरकाशी। जोशियाड़ा में डीएम अभिषेक रूहेला ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया। डीएम ने कहा कि सभी लोग आने घरों का गीला एवं सूखा कूड़ा अन्यत्र न फेंके। कूड़े को अलग–अलग रखकर नगर पालिका के वाहनों एवं पर्यावरण मित्रों को ही दें। ताकि नगर क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे। रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला के नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र के जोशियाड़ा में झूला पुल से लदाड़ी तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियों–कर्मचारियों एवं एनसीसी कैडेटों ने प्रतिभाग कर करीब 30 बोरे कूड़ा इकट्ठा किया और निस्तारण के लिए नगर पालिका को सौंपा गया। इस मौके पर डीएम रूहेला ने कहा कि अगले 22 दिनों बाद चारधाम यात्रा शुरू होनी वाली है। नगर क्षेत्र सहित यात्रा रूट पर स्वच्छता के लिए नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत को निर्देशित किया गया । इसके अलावा स्वच्छता को लेकर अधिकारी एवं कर्मचारियों भी अपना योगदान दे रहे हैं। नियमित सफाई अभियान चलने से जहां शहर,कस्बा और मोहल्ला स्वच्छ रहेगा वहीं लोगों का व्यवहार परिवर्तन भी देखने को मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस तरीके से आप अपने घरों को साफ व स्वच्छ रखते हैं उसी तरीके से अपने शहर और कस्बों को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। इस मौके पर गंगा विचार मंच के लोकेन्द्र बिष्ट, सीएमओ डॉ. रमेश चंद्र पंवार, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुबोध शुक्ल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी चेतना अरोरा, मनोज कुमार, डीएसओ संतोष भट्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप भंडारी, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटूड़ा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी व एनसीसी कैडेट के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा का हुआ विस्तार

रुद्रप्रयाग। भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया गया। कार्यकारिणी में 11 पदाधिकारियों को शामिल करते हुए किरन शुक्ला एवं शीला रावत को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई। सभी पदाधिकारियों से पार्टी हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया गया है।

## लगातार हो रही बारिश से ठंड बढ़ी



रुद्रप्रयाग। लगातार हो रही बारिश एवं बर्फबारी के कारण ऊखीमठ के उच्च ग्रामीण इलाकों में ठंड बढ़ गई है। लोगों को फिर से सर्दियों के मौसम जैसा रहन सहन करना पड़ रहा है।

एक बार फिर से गरम कपड़े निकाल दिए गए हैं जबकि अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। तोषी, गौंडार, मनसूना, गरिया, कविल्ठा आदि गांवों में ठंड बढ गई है। लोगों का कहना है कि अप्रैल माह की शुरूआत में जिस तरह मौसम अपना रूप दिखा रहा है उससे इन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। इसी तरह बारिश और बर्फबारी होगी तो दिक्कतें और भी बढ़ जाएंगी।

### आगामी 9 अप्रैल को आयोजित वन आरक्षी परीक्षा

नई टिहरी। उत्तराखण्ड वन विभाग के तहत वन आरक्षी परीक्षा–2022 की लिखित परीक्षा अन्य जनपदों के साथ ही जनपद टिहरी गढ़वाल में आगामी 9 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जायेगी। प्रशासन के हवाले से सूचना विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि इस परीक्षा को जनपद में 17 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। एडीएम टिहरी गढ़वाल केके मिश्रा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जबकि एसडीएम नरेंद्रनगर और एसडीएम टिहरी को अपने–अपने परगना क्षेत्रांतर्गत जोनल मजिस्ट्रेट तथा 17 परीक्षा केंद्रों के लिए 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित कर दिए गये हैं। जनपद क्षेत्रान्तर्गत 17 परीक्षा केंद्रों में 4 हजार 209 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

## 4 करोड़ की लागत से मिली दो सड़कों को स्वीकृति



रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग विधानसभा में दो 4 करोड़ 40 लाख की लागत से दो सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। शासन से इन सड़कों के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ कर दिया गया है। इधर, विधायक भरत सिंह चौधरी ने सड़कों को स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री एवं लोनिवि मंत्री का आभार जताया है।

राज्य योजना में रुद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 करोड़ 40 लाख की लागत से बनने वाले 2 मोटर मार्गों की स्वीकृति मिलने की जानकारी देते हुए विधायक भरत चौधरी ने बताया कि इन सड़कों के लिए जनता लगातार मांग कर रही थी। उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को भी बधाई दी है। उन्होंने बताया कि जखोली ब्लॉक के सिलगड़ क्षेत्र में जैली मरगांव तैला मोटर मार्ग का डामरीकरण कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है। इस सड़क की लम्बाई 5 किमी है जबकि लागत 3 करोड़ 22 लाख है। वहीं अगस्त्यमुनि ब्लॉक के बच्छणस्यू क्षेत्र में खांकरा बरसूडी मोटर मार्ग से राजकीय इंटर कॉलेज तक मोटर मार्ग निर्माण के (द्वितीय चरण) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है। इस सड़क की लम्बाई 2 किमी है जबकि लागत 1 करोड़ 17 लाख है। उन्होंने कहा कि सिलगड़ क्षेत्र की जनता द्वारा लंबे समय से सड़क डामरीकरण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। कहा कि अन्य सड़कों को भी जल्द स्वीकृति मिलेगी। विधानसभा के सभी गांव सड़क मार्ग से जोड़ दिए जाएंगे। विधायक ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है। जिनका लाभ जनता को मिल रहा है।

## उत्तरकाशी में स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

उत्तरकाशी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नगर के मुख्य मार्गो पर पथ संचलन किया। संचलन के दौरान महिलाओं ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का भव्य स्वागत किया।

रविवार को पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज ज्योतिपुरम से शुरू हुआ। भैरवचौक, कोर्ट रोड, विश्वनाथ चौक, हनुमान चौक, मुख्य बाजार, पेट्रोल पंप,भटवाड़ी रोड़ होते हुए स्वयं सेवक पुनः सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज ज्योतिपुरम पहुचे। पथ संचलन से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ताविभाग प्रचारक पारस ने कहा कि संघ 1925 से प्रारंभ होकर आज पूरे विश्व में वटवृक्ष की तरह छांव के रूप में सेवाएं दे रहा है। पारस ने कहा किराष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शुरु से ही अपने आप को पूरे समाज का एक संगठन मानता आ रहा है। पथ संचलन में जिला प्रचारक अजय, जिला कार्यवाह कमलेश्वर रतूड़ी, नगर संघ चालक मोहन तलवाड़, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, खंड बौद्धिक प्रमुख ओमप्रकाश सेमवाल, पवन नौटियाल, प्रकाश लखेड़ा, देवीप्रसाद नौटियाल, कृष्णानंद शर्मा, पूर्णानंद भट्ट आदि शामिल रहे।

### सड़क स्वीकृत होने से घंटाकर्ण धाम की राह आसान

नई टिहरी। टिहरी जिले के नरेंद्रनगर विकासखंड में गजा डांडा की पहाड़ियों में स्थित घंटाकर्ण धाम मंदिर में श्रद्धालु वाहनों की सुविधा से जा सकेंगे। स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के अथक प्रयासों से इस मार्ग के निर्माण को शासन की ओर से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिसके लिए क्षेत्र की जनता के मंत्री का आभार जताया है। गौरतलब है कठिन पहाड़ियों एवं दुर्गम रास्तों से होकर श्रद्धालु घंटाकर्ण धाम के लिए जाते हैं। मगर अब श्रद्धालु गजा पसरखेत होते हुए गोतांचली तक वाहनों से जा सकेंगे। मंत्री सुबोध उनियाल की मांग पर शासन ने घंटाकर्ण धाम के मार्ग के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है।

## आशा रावत बनी टिहरी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष

नई टिहरी। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष नीटा डिसूजा व महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी परविंदर कौर की संस्तुति पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार के साथ ही जनपद टिहरी गढ़वाल में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत को नियुक्त किया है। प्रदेश संगठन ने प्रताप नगर की पूर्व ब्लाक प्रमुख विजयलक्ष्मी थलवाल व बसंती भारती को प्रदेश उपाध्यक्ष और निवर्तमान महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दर्शनी रावत, नई टिहरी नगर पालिका की अध्यक्ष सीमा कृषाली, घनसाली से मुन्नी देवी व थौलधार से सुमेरी बिष्ट को प्रदेश महामंत्री, सरिता देवी व मंजू राणा को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है। नवनियुक्त महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीटा डिसूजा, प्रदेश प्रभारी परमिंदर कौर, प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा के साथ–साथ प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि वो अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगी और कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने काम करेंगी। उन्होंने कहा केंद्र सरकार महिला विरोधी है। महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाएं सड़कों पर आकर आंदोलन करेंगी। महिला कांग्रेस की नई टीम बनने पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राकेश राणा, प्रताप नगर विधानसभा के विधायक विक्रम सिंह नेगी, विजय गुनसोला, नरेंद्र राणा, शांति प्रसाद भट्ट, सैयद मुशर्रफ अली, याकूब सिद्दीकी, नरेंद्र चंद रमोला, सोबन सिंह नेगी, सूरज राणा, साहब सिंह सजवान, देवेंद्र नौडीयाल, कुलदीप पंवार, विक्रम सिंह पंवार, आनंद सिंह बेलवाल, सोहन सिंह रावत, जयवीर सिंह रावत, गीताराम गैरोला, महावीर प्रसाद उनियाल ,ज्योति प्रसाद भट्ट, मुरारी लाल खंडवाल, मान सिंह रौतेला, अनिता रावत आदि ने शुभकामनायें दी हैं।

## नागरिक मंच ने बैठक में नगर की समस्याओं पर चर्चा की

नई टिहरी। नागरिक मंच की मासिक बैठक में मंच सदस्यों ने नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। सदस्यों ने बताया कि उक्त समस्याओं के संबंध में जल्द जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाऐगा। रविवार को नई टिहरी नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल की अध्यक्षता में बौराड़ी स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र में आयोजित बैठक में मंच पदाधिकारियों ने जल संस्थान द्वारा नगरवासियों को भैंतोगी नाले का गंदा पानी पिलाये जाने पर रोष जताते हुये कहा कि उक्त नाले में नई टिहरी शहर का शिविर का पानी भी जाता है। मंच अध्यक्ष ने कहा कि जल संस्थान द्वारा नई टिहरी नगर क्षेत्र में जगह–जगह अनावश्यक पेयजल लाइन बिछाई जा रही हैं, जिनकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से बौराड़ी के 41 बांध विस्थापित और प्रभावित परिवारों को भवन निर्माण देने की मांग की। मंच के अध्यक्ष ने बताया कि बीते दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के नेतृत्व में एक शिष्ठ मंडल ने सीएम से मिलकर नगर के लोगों के बकाया पेयजल बिलों के भुगतान माफ करवाया है, जिसे लिये मंच उनका आभार व्यक्त करता है। उन्होंने सरकार से नई पेयजल भुगतान नीति को हनुमंतराव कमेटी की सिफारिशों के आधार पर बनाने की मांग की है।

# सासाराम हिंसा: अब तक 32 उपद्रवी गिरफ्तार, स्टेशन पर फोर्स तैनात

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार के सासाराम में हुई हिंसा के तीसरे दिन भी शहर में तनाव का माहौल और फोर्स की तैनाती रही। हालांकि अधिकांश इलाकों में जनजीवन सामान्य रहा। वहीं, शनिवार को हुए बम धमाके में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

इसी बीच शहर में जगह–जगह पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई। रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा इंतजाम को कड़ा कर दिया गया है। सासाराम में हिंसा की वजह से ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपना कार्यक्रम टालना पड़ा था।

हालांकि, शाह ने रविवार को नवादा में जनसभा को संबोधित कर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सासाराम नहीं आने को लेकर वहां की जनता से माफी मांगते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार शांति नहीं ला सकते हैं। बहरहाल, हिंसा पर हो रही राजनीति के बीच आइए जानते हैं कि जमीनी हालात कैसे हैं? स्थानीय नगर थाना क्षेत्र के शेरगंज मोहल्ले में शनिवार रात हुए बम धमाके में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी रेफर कर दिया गया। घायलों के नाम पता अभी तक नहीं मिल पाया है। घटना के बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा मौके से एक स्कूटी बरामद की है।

एसपी विनीत कुमार ने बताया कि देर रात उक्त मोहल्ले के एक झोपड़ीनुमा मकान में बम विस्फोट होने की सूचना पर उनके व डीएम धर्मेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की गई। मामले के वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पटना से फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है, जो अलग–अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा किसी धार्मिकस्थल पर बम फेंके जाने की



अफवाह उड़ाई जा रही है, जो कि सरासर गलत है। प्रथमदृष्टया विस्फोटक हैंडलिंग का मामला प्रतीत होता है। घटनास्थल पर जूते व खून के धब्बे देखे गए हैं जिनकी वैज्ञानिक जांच कराई जा रही है। एफएसएल की दो टीम जांच का काम कर रही हैं।

इसमें एक टीम एक्सप्लोसिव की जांच करेगी तथा दूसरी टीम बायोलाजिकल सैंपल के माध्यम से जांच करेगी। जितने भी संवेदनशील स्थान हैं, वहां पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर उनके द्वारा खुद इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। विस्फोट की जानकारी मिलते ही तत्काल सभी घायलों को पुलिस की निगरानी में सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। डीएम ने अफवाहों को बढ़ावा ना देने व पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।

शहर के कुछ हिस्सों में दो दिन पूर्व से उपजे विवाद और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। शनिवार रात से शहर केंद्रीय सुरक्षा बल के रैपिड एक्शन फोर्स की भी एक–एक कंपनी बुलाई गई है। इसके अलावा लगभग 1500 से अधिक पुलिस कर्मी शहर की सुरक्षा में तैनात हैं। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि मामले में रविवार तक दोनों पक्षों के 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि तीन जिले कैमूर, औरंगाबाद और भोजपुर जिले की पुलिस, एसएसबी के जवान समेत पर्याप्त संख्या में जिला पुलिस बल को लगाया गया है। जो हर पल पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। डीएम व एसपी द्वारा लगातार रात में भी गश्त लगाकर हालात का जायजा ले रहे हैं। डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि किसी प्रकार के अफवाह की सूचना प्राप्त होने पर उनके द्वारा खुद इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। गिरफ्तार लोगों के मोबाइल फोन जब्त, संदिग्ध वाट्सएप ग्रुप होने का पता चला गिरफ्तार कुछ लोगों के मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है। जिसमें कुछ संदिग्ध वाट्सएप ग्रुप बने होने का पता चला है।

उस ग्रुप के माध्यम से भी हिंसा भड़काने के लिए सूचनाओं का आदान प्रदान किए जाने का साक्ष्य मिला है। पुलिस द्वारा लगातार हर बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

लगभग डेढ़ हजार पुलिसकर्मी शहर में गश्त लगा रहे हैं। डीएम ने अफवाहों को बढ़ावा ना देने व पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है। रामनवमी जुलूस के बाद दो पक्षों के बीच उपजे विवाद के बाद हुए उपद्रव के बाद तीसरे दिन रविवार को भी प्रभावित इलाकों में दुकानें बंद रहीं। इससे व्यवसायियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित इलाके नवरतनबाजार, गोलाबाजार, जानी बाजार, चौक बाजार, सराय रोड, चौखंडी, मंडई में स्थित बाजारों की दुकानें बंद रहीं। इन इलाकों में लगातार पुलिस निगरानी कर रही है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी जगह–जगह धूम कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाती रही।

शनिवार रात को एक मकान में अचानक हुए विस्फोट के बाद कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसे प्रशासन की सक्रियता से नियंत्रित कर लिया गया। सामान्य दिनों की तरह शहर के धर्मशाला रोड, पुरानी जीटी रोड, रौजा रोड, गौरक्षणी समेत अन्य इलाकों में स्थित दुकानें खुली रहीं। शहर के उपद्रव ग्रस्त इलाकों को छोड़ अधिकांश इलाकों में जनजीवन सामान्य रहा।

डीएम धर्मेंद्र कुमार के अनुसार सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त कर दिए गए हैं। उपद्रवी व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। शहर में हुए उपद्रव के बाद पलायन की उड़ रहे अफवाहों के बाद एसपी विनीत कुमार ने एक वीडियो जारी कर इसे गलत बताया है।

एसपी ने कहा कि कहीं से भी किसी के पलायन की सूचना नहीं है। सभी से इस पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। एसपी ने कहा कि शहर में स्थिति बिल्कुल सामान्य है। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पुलिस बल लगातार गश्त लगा रहे हैं। उनके व डीएम धर्मेंद्र कुमार के द्वारा शांति समिति की बैठक कर लोगों से सहयोग की अपील की गई है। सभी ने इस पर सहमति जताई है। एसपी ने कहा कि दो दिनों से शहर में उपजे तनाव के बाद से लगातार तरह– तरह की अफवाहें इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही हैं। बता दें कि रामनवमी जुलूस के बाद दो पक्षों में झड़प के बाद स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी। इसके बाद उपद्रव ने उग्र रूप धारण कर लिया था। दोनों समुदायों की दुकानों में आगजनी व तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। एसपी ने कहा कि उपद्रवी तत्वों की पहचान कर अधिक से अधिक गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रामनवमी जुलूस के बाद शहर में उपजे तनाव को देखते हुए रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को पुख्ता कर दिया गया है। पूर्व की घटनाओं से सबक लेते हुए सासाराम रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। फोर्स द्वारा लगातार रेल परिक्षेत्र में फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

रविवार को भी आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर रेलवे ट्रैक तक फ्लैग मार्च कर स्थिति का जायजा लिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि तनाव को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती विभाग की ओर से की गई है। तैनात सुरक्षा बलों द्वारा स्टेशन परिसर में फ्लैग मार्च कर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। तकिया रेलवे क्रासिंग से लेकर धनपुरवा गुमटी तक भ्रमण कर स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की जा रही है।

## हरदोई : सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

**हरदोई , एजेंसी,।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के सांडी कोतवाली इलाके में बाइक सवार तीन युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है और इस दुर्घटना में तीनों की मौत हो गयी है।

पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि सांडी कोतवाली इलाके के हरदोई सांडी मार्ग के मझिया गांव के पास पर एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक पर सवार तीन लोगो को कुचल दिया जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लोगो को काफी देर बाद हुई जब पुलिस को किसी ने सड़क हादसे की सूचना दी। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर मिले दो युवको को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। जबकि तीसरे का शव पुलिस ने सड़क के किनारे तालाब में बरामद किया। फिलहाल पुलिस ने तीनो शवों को कब्जे लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है वही पुलिस अज्ञात वाहन की जानकारी जुटाने में लगी है।दुर्घटना में मारे गये युवकों की पहचान सांडी कोतवाली इलाके के जजवासी गांव के अनिल (35 ) विन्नू (30) और लुक्का (25) के रूप में हुई है।

## कूनो पार्क से भागकर खेत में घुसा चीता

**श्योपुर , एजेंसी।** श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से भागकर एक चीता पास के गांव में घुस गया है। चीते का नाम ओवान बताया जा रहा है। ओवान चीते के गांव में घुसने की सूचना से गांव के लोग दहशत में आ गए हैं। लोग यहां लाठी–डंडे लेकर जमा हो गए हैं। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के साथ–साथ स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची है। ग्रामीण लाठी–डंडे हाथ में लेकर चीते को ढूंढ रहे हैं। रेस्क्यू के लिए वाइल्ड लाइफ की टीम भी मौके पर मौजूद है। ओवान नाम का यह चीता अभ्यारण से बाहर निकल आया है और यह अभ्यारण के एरिया से बाहर निकलने के बाद जिले की विजयपुर तहसील के गोली पुरा और झाड़ बड़ौदा गांव के पास पहुंच गया।जब गांव के खेतों में ग्रामीणों ने इस चीता को देखा तो डर गये। उसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से सभी ग्रामीणों ने अपने हाथों में लाठी–डंडे ले लिए हैं और इसकी सूचना वन विभाग को दी।

जब इसकी सूचना वन विभाग को लगी तो उनके होश उड़ गए। उसके बाद आनन–फानन में वन विभाग के अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और वाइल्ड लाइफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद चीता खेत में बैठा नजर आया था। उसकी पहचान ओवान नाम के चीते के रूप में हुई है। फिलहाल विभाग की टीम के द्वारा रेस्क्यू जारी है, संभवतः उसे सुरक्षित पकड़ लिया जाएगा।

## खटीमा में सड़क हादसे में फोर्स ट्रैक्स क्रूजर के ड्राइवर की हुई मौत, 11 घायल

**खटीमा , एजेंसी।** उत्तराखंड के खटीमा में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां सवारियों से भरे वाहन को एक कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में फोर्स ट्रैक्स क्रूजर चालक की मौत हो गई। जबकि 11 लोग घायल हो गए। घायलों का खटीमा के उप जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिसमें से 4 लोगों की हालत गंभीर होने की वजह से हायर सेंटर रेफर कर दिया है। यह हादसा पहेनिया टोल टैक्स के पास हुआ है।

जानकारी के अनुसार उधम सिंह नगर जिले में खटीमा के पहेनिया टोल टैक्स के पास रविवार को सवारी से भरी फोर्स ट्रैक्स क्रूजर गाड़ी को रॉन्ग साइड से आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में फोर्स ट्रैक्स क्रूजर गाड़ी के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।

## कंज्यूमर कोर्ट अत्याचारपूर्ण कृत्यों से जुड़े मामलों का फैसला नहीं कर सकती : सुको

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सवोच्च न्यायालय ने कहा है कि उपभोक्ता अदालतें (कंज्यूमर कोर्ट) तथ्यों के अत्यधिक विवादित प्रश्नों या कपटपूर्ण कृत्यों या धोखाधड़ी जैसे आपराधिक मामलों से संबंधित शिकायतों का फैसला नहीं कर सकती हैं। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहाः आयोग के समक्ष कार्यवाही प्रकृति में संक्षिप्त होने के कारण, तथ्यों के अत्यधिक विवादित प्रश्नों या कपटपूर्ण कृत्यों या धोखाधड़ी जैसे आपराधिक मामलों से संबंधित शिकायतों को उक्त अधिनियम के तहत मंच/आयोग द्वारा तय नहीं किया जा सकता है।पीठ ने आगे कहा, सेवा में कमी, साथ ही तय की गई, को आपराधिक कृत्यों या अत्याचारपूर्ण कृत्यों से अलग करना होगा। अधिनियम की धारा 2(1)(जी) के अनुसार, सेवा में प्रदर्शन की गुणवत्ता, प्रकृति और तरीके में इरादतन गलती, अपूर्णता, कमी या अपर्याप्तता के संबंध में कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि सेवा में कमी को साबित करने का भार हमेशा आरोप लगाने वाले व्यक्ति पर होगा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि सिटी यूनियन बैंक ने 8 लाख रुपये के डिमांड ड्राफ्ट को गलत खाते में स्थानांतरित कर दिया था। शिकायतकर्ता ने 1999 में राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एससीडीआरसी) में शिकायत दर्ज की।

राज्य आयोग ने बैंक और उसके अधिकारी को दोषपूर्ण सेवा का दोषी पाया और शिकायतकर्ता को मानसिक पीड़ा, नुकसान और कठिनाई के लिए 1 लाख रुपये के मुआवजे के साथ बैंक को 8 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया।सिटी यूनियन बैंक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और अन्य ने राज्य आयोग के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) का रुख किया, लेकिन इसकी अपील फरवरी 2007 में खारिज कर दी गई।

## हमारी लड़ाई पीएम मोदी से है, बीच में न पड़ें, असम के सीएम को खालिस्तानी संगठन एसएफजे की खुली धमकी

**नई दिल्ली , एजेंसी,।** खालिस्तान समर्थक और अमृतपाल के साथियों ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को धमकी दी है। धमकी भरे संदेश में कहा कि हमारी लड़ाई भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से है। असम के मुख्यमंत्री इस बीच में न पड़ें। वे हिंसा के शिकार होने से बचें। खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत के संगठन सिख फोर जस्टिस के समर्थकों ने उन्हें धमकी दी है। उन्होंने कहा कि आप हमारे बीच में न पड़ें। हमारी लड़ाई आपसे नहीं है।खालिस्तान समर्थकों और अमृतपाल के साथियों को गिरफ्तार करके असम की जेल में रखा गया है। इसको लेकर खालिस्तान समर्थक गुस्से में हैं। इसके लिए उन्होंने असम के मुख्यमंत्री को धमकी देना शुरू कर दिया है। असम के करीब 12 पत्रकारों को फोन कर धमकी दी गई है।

### खालिस्तान समर्थकों को जयशंकर की दो टूक, बोले

## किसी ने झंडे का अनादर करने की कोशिश की, तो और बड़ा लगाऊंगा



**बेंगलुरू, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को खालिस्तान समर्थकों को खरी–खरी सुनाई। उन्होंने लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सैन फ्रांसिस्को में बर्बरता की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ऐसा भारत नहीं है, जो अपने राष्ट्रीय ध्वज को किसी के द्वारा नीचे खींचे जाने को स्वीकार करेगा।

विदेश मंत्री ने धारवाड़ में बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत में यह टिप्पणी की। दरअसल, भाजपा महानगर इकाई की ओर से धारवाड़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

बकौल एजेंसी जयशंकर ने कहा कि हमने पिछले कुछ दिनों में लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सैन फ्रांसिस्को में कुछ घटनाएं देखी हैं... यह ऐसा भारत नहीं है, जो अपने राष्ट्रीय ध्वज को किसी के द्वारा नीचे खींचे जाने को स्वीकार करेगा।

उन्होंने कहा कि जब यह घटना हुई, तो हमारे उच्चायुक्त ने उससे भी बड़ा झंडा उस इमारत में लगा दिया। यह केवल वहां के तथाकथित खालिस्तान समर्थकों के लिए एक बयान नहीं था, यह अंग्रेजों के लिए भी एक बयान था कि अगर कोई इसका अनादर करने की कोशिश करेगा, तो मैं इसे (राष्ट्रीय ध्वज) और भी बड़ा कर दूंगा।

उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के पास करीब 2,000 प्रदर्शनकारी खालिस्तान के झंडे लहराते हुए दिखाई दिए थे। जिसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय उच्चायोग में एक विशाल झंडा लगाया गया था।

इस दौरान करीब 2,000 प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने बैरिकेड्स तोड़ने की भी कोशिश की थी। पुलिसकर्मियों पर पानी की बोतलें और स्याही भी फेंकीं थीं।

खालिस्तान समर्थकों ने 19 मार्च को भारतीय उच्चायोग में भारत के तिरंगे को नीचे उतारने की कोशिश की थी। साथ ही वहां पर तोड़फोड़ की थी।

इस मामले में भारत ने अपराधियों की गिरफ्तारी और मुकदमा चलाने की मांग करते हुए खालिस्तान तत्वों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया था। जिसको लेकर दिल्ली में ब्रिटेन के सबसे वरिष्ठ राजनयिक तत्काल प्रभाव से तलब किया गया था।

## अनुब्रत मंडल की अनुपस्थिति में तृणमूल छोड़ रहे नेता व कार्यकर्ता

**कोलकाता , एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और पार्टी के बीरभूम जिलाध्यक्ष अनुब्रत मंडल के पशु तस्करी घोटाले में नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद होने के कारण जिले में निचले पायदान के नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं। शनिवार की शाम महिदपुर गांव में पार्टी के बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में लगभग तीन हजार तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक जनसभा में तृणमूल कांग्रेस छोड़ने और आगामी पंचायत चुनावों व आगे के चुनाव में कांग्रेस–वाम मोर्चा गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की।

सीपीआई (एम) और कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित उस बैठक में तृणमूल कांग्रेस छोड़ने वालों और विपक्षी गठबंधन के प्रति अपना समर्थन देने का वादा करने वालों में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व बूथ अध्यक्ष जनारुल मलिक, शेख सहजुल, नूरुद्दीन मुल्ला और अल्लाल मोल्ला जैसे उनके प्रतिनिधि शामिल थे। स्थानीय सीपीआई (एम) के नेताओं ने दावा किया कि बैठक दो मायने में महत्वपूर्ण थी, पहली यह कि मई 2011 के बाद से पिछले 12 वर्षों में गांव में किसी भी विपक्षी दल द्वारा यह पहली जनसभा थी।

### पीएम ने दिया ब्रिटेन–अमेरिका को झटका

## अंग्रेजी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर लगेगा भारी जुर्माना

**रोम , एजेंसी।** इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ब्रिटेन और अमेरिका को बड़ा झटका दिया है। प्रधानमंत्री मेलोनी की ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी ने नया कानून पेश किया है। इसके मुताबिक सरकारी कामकाज में अंग्रेजी भाषा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद सरकारी कामकाज में अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल करने पर 1 लाख यूरो यानि 1,08,705 अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना भरना होगा। बता दें कि अंग्रेजी ब्रिटेन और अमेरिका में बोली जाने वाली प्रमुख भाषा है।

अब इटली में आधिकारिक संचार में किसी भी विदेशी भाषा विशेष रूप से अंग्रेजी के इस्तेमाल पर जुर्माना लगाया जाएगा। इटली के लोअर हाउस की नेता फैबियो रामपेली ने यह कानून पेश किया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने इसे पूरा समर्थन दिया है। कानून के प्रस्ताव के मुताबिक आधिकारिक संचार में किसी भी विदेशी भाषा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की बात कही गई है। मगर विशेष रूप से एंग्लोमेनिया यानि इंग्लिश पर प्रतिबंध को केंद्रित किया गया है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि विदेशी भाषा का इस्तेमाल इतालवी भाषा को नीचा दिखाता है। इससे अपमान भी महसूस होता है।

वह भी ऐसे समय में अंग्रेजी का इस्तेमाल हो रहा है ,जब ब्रिटेन अब यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं है। अब इस बिल को शीघ्र ही संसद में बहस के लिए लाए जाने की तैयारी है। इसके बाद इसे कानून का रूप दे दिया जाएगा। इसके लिए सार्वजनिक प्रशासन के क्षेत्र में इतालवी भाषा का एक कार्यालय खोलने की आवश्यकता भी बताई गई है, जहां लिखित, मौखिक ज्ञान पर इतालवी भाषा का अधिकार हो।

मसौदे के मुताबिक इटली में काम कर रही विभिन्न विदेशी कंपनियों में भी यह नियम लागू किया जाएगा, जहां आंतरिक नियमों, रोजगार अनुबंधों इत्यादि के लिए इतालवी भाषा का संस्करण होना चाहिए। यानी विदेशी कंपनियों को भी आधिकारिक संचार में इतालवी भाषा का ही इस्तेमाल करना होगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह केवल फैशन की बात नहीं है, क्योंकि वह आता है और गुजर जाता है, लेकिन एंग्लोमेनिया यानी अंग्रेजी का प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है।

## सासाराम और बिहारशरीफ में हुई हिंसा को लेकर नीतीश कुमार ने की हाई लेवल मीटिंग, पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश

**पटना , एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सासाराम और बिहारशरीफ में हुई हिंसा को लेकर हाई लेवल मीटिंग की और पुलिस को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रामनवमी जुलूस के दौरान बिहारशरीफ में हुई घटना में मृत व्यक्ति के पिता एवं भाई से दूरभाष पर बात कर अपनी संवेदना व्यक्ति की और घटना की पूरी जानकारी ली। इस मामले को लेकर उन्होंने समीक्षा बैठक कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

बैठक में मुख्य सचिव आमिर सुबहानी एवं पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई गड़बड़ी नहीं कर पाए। इस पर नजर रखें।

## पार्टी ड्रग्स की बढ़ती बरामदगी से युवाओं में इसकी लोकप्रियता का होता है खुलासा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** हाल के वर्षों में, दिल्ली में युवाओं में पार्टी ड्रग्स के उपयोग में वृद्धि देखी गई है। इसमें एमडीएमए, एलएसडी और कोकीन सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली ड्रग्स हैं। इसके गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक एक साल में दिल्ली में ड्रग्स की बरामदगी डेढ़ गुना बढ़ गई है। एमडीएमए, जिसे आमतौर पर परमानंद या मौली के रूप में जाना जाता है, शहर में सबसे लोकप्रिय पार्टी ड्रग्स में से एक है। यह एक सिंथेटिक ड्रग है।

इस ड्रग का सेवन अक्सर रेव पार्टियों, क्लबों और संगीत समारोहों में किया जाता है। यह आमतौर पर छोटी गोलियों या कैप्सूल के रूप में बेचा जाता है, और कीमत 500 से 3,000 रुपये प्रति गोली तक होती है।

एलएसडी या एसिड, जो एक मतिभ्रम पैदा करने वाली ड्रग भी है, भी युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह मतिभ्रम, परिवर्तित सोच और समय की विकृत भावना पैदा कर सकता है।

कोकीन, एक अन्य पार्टी ड्रग। यह आमतौर पर नाक के माध्यम से सूंघा जाता है या नसों में इंजेक्ट किया जाता है और इससे दिल का दौरा व स्ट्रोक सहित दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

मार्च में, दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दो नाइजीरियाई नागरिकों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, और उनसे 51 ग्राम कोकीन, 92 ग्राम एमडीएमए, 157 ग्राम हेरोइन और परमानंद की 88 गोलियों सहित पार्टी ड्रग्स बरामद किया था, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये थी। आरोपियों की पहचान छतरपुर निवासी बलजीत (29), महरौली निवासी बेनेथ चुकवुदी उर्फ माइकल (43) और दक्षिणी दिल्ली के मैदान गढ़ी निवासी डेनियल चुचुजेकवु (31) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि माइकल 2011 में भारत आया था और तब से अवैध रूप से रह रहा है। मुख्य आपूर्तिकर्ता, माइकल केवल नाइजीरियाई नागरिकों को अपने गिरोह में भर्ती करता था, जिन्हें पैसों की सख्त जरूरत होती थी।

अधिकारी ने कहा, वह मैक्स नाम के एक नाइजीरियाई नागरिक से ड्रग्स खरीदता था, जो अब नाइजीरिया वापस चला गया है और फोन पर नाइजीरिया से आपूर्ति का प्रबंधन कर रहा है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि ऐसे कई चैनल हैं, जिनके जरिए भारत में ड्रग्स का प्रवेश होता है।

दिल्ली को नेपाल, हिमाचल, उत्तराखंड, और जम्मू और कश्मीर से चरस की आपूर्ति की जाती है, लैटिन अमेरिका से कोकीन की तस्करी की जाती है, और सिंथेटिक ड्रग्स मुख्य रूप से मानव वाहकों और कोरियर द्वारा ले जाया जाता है।

सिंह ने कहा, इन पारगमन बिंदुओं के माध्यम से दिल्ली में विभिन्न प्रकार के ड्रग्स उपलब्ध हैं। दुर्भाग्य से, हमारी खुफिया जानकारी के अनुसार, दिल्ली के सभी क्षेत्रों में रेस्तरां, बार, पब और आम जनता के बीच नशीली दवाओं का दुरुपयोग प्रचलित है। द्वारका और ग्रेटर नोएडा क्षेत्रों में कंट्राबेंड की खपत और आपूर्ति में काम करने वाले विदेशियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं।


हालांकि, ये ड्रग्स केवल डिलीवरी या तस्करों के संपर्क में बिचौलियों के माध्यम से उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ नशीले पदार्थ, विशेष रूप से भांग या गांजा, शहर भर के जेजे क्लस्टर और पार्कों सहित विभिन्न हॉटस्पॉट्स पर 100 रुपये से पांच हजार रुपये में आसानी से उपलब्ध हैं।

## सम्पादकीय

# यात्रा से पूर्व चालकों का परीक्षण

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक बड़ा हादसा सामने आया है जिसमें मसूरी से देहरादून आ रही बस गहरी खाई में जा गिरी और उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। शुरुआती क्षणों में देखने में यह एक ऐसी घटना लग रही थी जो शायद तकनीकी कारणों से घटित हुई हो लेकिन जैसे–जैसे घायल अस्पताल पहुंचने लगे तो दुर्घटना के कारण भी स्पष्ट हो गए। यह हादसा ना तो कोई ब्रेक फेल था और ना ही इसमें कोई तकनीकी गलती फिलहाल प्रकाश में आई है। घायल हुए यात्रियों ने दुर्घटना का कारण पूरी तरह से बस चालक की नशाखोरी बताई। सामने आया कि चालक ना केवल नशे में था बल्कि चलती गाड़ी में ही वह गुटका खाने की भी कोशिश कर रहा था, इसी दौरान यह हादसा हुआ जिससे बस में हाहाकार मच गया। इस घटना ने पूरे परिवहन तंत्र को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। सवाल यह उठता है कि किसी भी बस को रवाना करने से पूर्व क्या डिपो में चालक एवं परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है? जिस प्रकार बस की फिटनेस रूट में निकलने से पहले फौरी तौर पर चेक की जाती है उसी प्रकार आखिर क्यों चालक–परिचालक का भी परीक्षण अधिकारी नहीं करते? सुबह सवेरे ही शराब का नशा कर बस चालक 2 दर्जन से अधिक यात्रियों को लेकर पहाड़ी मार्ग पर निकला था जो की पूरी तरह से ना केवल खतरनाक था बल्कि यात्रियों के जीवन के साथ खिलवाड़ भी था। परिवहन तंत्र को इस दुर्घटना से सबक लेने की जरूरत है और यह हर स्थिति में निश्चित करना होगा कि पहाड़ि़या मैदानी मार्ग में बसों को रवाना करने से पूर्व चालक–परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण ना केवल प्रस्थान स्थल पर बल्कि गंतव्य पर पहुंचने के बाद भी होना चाहिए। अक्सर बस चालकों की नशाखोरी यात्रियों के जीवन पर भारी पड़ी है। अगले कुछ दिनों में उत्तराखंड में चार धाम यात्रा भी शुरू होने वाली है और इस घटना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को बस चालकों का परीक्षण करने की व्यवस्था करनी चाहिए। पानी मार्गों में ऐसे पॉइंट बनाई जाए जहां चालकों की जांच हो ताकि बस चालक शराब का सेवन कर वाहन ना चला पाए। परिवहन विभाग को भी समय–समय पर बस चालक परिचालक व अन्य स्टाफ के लिए प्रशिक्षण शिविर चलानी चाहिए जिसमें यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उन्हें गंभीरता से जागरूक करने की जरूरत है। नशा कर वाहन चलाने वाले चालकों की संख्या हालांकि बेहद कम है लेकिन ऐसे ही चालकों की गलती के कारण अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं हो जाती है जिन्हें टाला जा सकता था। देहरादून मसूरी मार्ग पर हुई इस दुर्घटना में जिन की जान गई उन्हें अब वापस नहीं लाया जा सकता लेकिन इस दुर्घटना से सरकार एवं परिवहन मंत्रालय को जरूर पाठ सीखना चाहिए जिसमें महत्वपूर्ण बिंदु प्राथमिकता के तौर पर यात्रियों की सुरक्षा होना चाहिए।

# नफ़रती भाषा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



**अजय दीक्षित**

कोर्ट ने कहा लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। वे दूसरे समुदायों को अपमानित न करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते। एक याचिकाकर्ता के वकील ने जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने महाराष्ट्र में कई रैलियों में दिये गये नफरती भाषणों के संबंध में एक समाचार रिपोर्ट का हवाला दिया था ।

सुप्रीम कोर्ट का यह कहना सबकी आंखें खोल देने वाला है कि जब राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे और नेता धर्म के जरिये राजनीति में ऊंचे मुकाम हासिल करने का ख्वाब छोड़ देंगे तभी हेट स्पीच को खत्म किया जा सकता है। हेट स्पीच को दुष्चक्र बताते हुए कोर्ट ने कहा कि इससे फायदा उठाने के प्रयास में छोटी मानसिकता के लोग ऐसे–ऐसे भाषण देते हैं जिनसे हालात में तनाव के सिवा कुछ हासिल नहीं होता। कोर्ट की टिप्पणियां नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने को लेकर राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आईं । कोर्ट ने कहा लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। वे दूसरे समुदायों को अपमानित न करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते । एक याचिकाकर्ता के वकील ने जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने महाराष्ट्र में कई रैलियों में दिये गये नफरती भाषणों के संबंध में एक समाचार रिपोर्ट का हवाला दिया था । इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समाचार रिपोर्टों के आधार पर याचिका दायर करने पर आपत्ति की । इस पर बेंच ने कहा कि हम समझते हैं कि क्या हो रहा है । तव सॉलिसिटर जनरल ने कहा, कि याचिकाकर्ता को सभी धर्मों में नफरत फैलाने वाले भाषणों को इक्ा करने और समान कार्रवाई के लिए अदालत के समक्ष रखने का निर्देश दिया जाये । सालिसीटर जनरल जैसे ऊंचे स्तर से याचिकाकर्ता जैसे व्यक्ति से ऐसी अपेक्षा न्यायसंगत नहीं लगती। यह काम तो पूरी तरह सरकारों का है कि ऐसी घटनाओं पर नजर रखें और आवश्यक कार्रवाई करें । इसी कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए बेंच ने पूछा कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद क्या कार्रवाई की गई । कहा कि शिकायत दर्ज करने से अभद्र भाषा की समस्या का समाधान नहीं होने वाला । तब सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि नफरत भरे भाषणों के संबंध में 18 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं । पिछले साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा था कि संविधान भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखता है, और दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तर-ाखण्ड सरकारों को अभद्र भाषा के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था । सरकारों को ऐसे मामलों में तुरन्त और कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये

# पर्यावरणीय अपराध : देरी से बिगड़ रही बात

**रोहित कौशिक**



हाल ही में गैर–लाभकारी अनुसंधान संगठन 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंटइ ने एक रिपोर्ट में बताया है कि देश में पर्यावरण से जुड़े अपराध चार फीसद की दर से बढ़ रहे हैं।

हालांकि इन मामलों का निस्तारण बहुत धीमी गति से हो रहा है। अगर यही हाल रहा तो इन मामलों के निपटारे में कई दशक लग जाएंगे।

देश की विभिन्न अदालतों में पर्यावरण से संबंधित अपराधों के 1.36 लाख मामले सुनवाई के लिए लंबित हैं। अदालतों द्वारा रोज 130 मामलों का निपटारा किया जा रहा है, लेकिन बैकलॉग खत्म करने के लिए प्रतिदिन 245 मामलों का निपटारा होना जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में जिस गति से पर्यावरणीय अपराध बढ़ रहे हैं, उस गति से इनका निपटारा नहीं हो पा रहा है। आज पर्यावरण का क्षेत्र एक बड़ा आपराधिक क्षेत्र बनता जा रहा है, लेकिन इसे दूसरे अपराधों की तुलना में उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता है। यही कारण है कि पर्यावरणीय अपराधों के निपटारे में लापरवाही बरती जाती है।

'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंटइ द्वारा जारी यह रिपोर्ट पर्यावरण के क्षेत्र में पनप रहे खोखले आदर्शवाद की तरफ भी इशारा करती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय वन अधिनियम, 1927 और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत दर्ज लगभग 19,000 मामले लंबित हैं और मौजूदा दर से इन मामलों का निपटारा करने में अदालतों को 14 साल 11 महीने लगेंगे। इसी तरह पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत लगभग 2000 मामले लंबित हैं और मौजूदा दर से उनके निपटारे में करीब 38 साल और 9 महीने लगेंगे।

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत लगभग 3,750 मामले लंबित हैं और अगर यही हाल रहा तो उन्हें निपटाने में 12 वर्ष लगेंगे। क्या कारण है कि भाषणों में पर्यावरण पर बड़ी–बड़ी बातें की जाती हैं, लेकिन व्यावहारिक रूप से पर्यावरणीय अपराधों में लिप्त लोग खुले आम घूमते रहते हैं? दरअसल, विश्व स्तर पर कुछ प्रचलित पर्यावरणीय अपराध माने जाते हैं। वन्यजीव अपराध अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में लगातार बढ़ता जा रहा है। अवैध रूप से वृक्षों की कटाई ने दुनिया ने सभी महाद्वीपों को प्रभावित किया है और यह चीन, भारत और वितयनाम जैसे सभी उष्णकटिबंधीय वन क्षेत्रों में व्यापक रूप से हो रही है।

विश्व के कई भागों में अवैध रूप से मछली पकडऩा इसी अपराध की श्रेणी में आता है। पर्यावरणीय अपराधों में प्रदूषण संबंधी अपराधों का भी बड़ा दायरा है। अवैध कचरे की तस्करी तथा क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य ओजोन–क्षयकारी पदाथरे का अवैध उत्पादन और उपभोग भी इसी श्रेणी में आता है। दरअसल, पर्यावरण के मुद्दों को निपटाने के लिए बहुत से कानून अस्तित्व में हैं, मगर उनका ठीक ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। अनेक पर्यावरणीय अपराधों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वर्ष 2010 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की स्थापना की गई थी। हालांकि एनजीटी एक अर्ध–न्यायिक निकाय है और इसके पास सीमित शक्तियां हैं। सामान्य अदालतों पर बोझ कम करने के लिए एनजीटी बनाया गया था। इसके पास कानून–प्रवर्तन एजेंसियों के समान अधिकार हैं, लेकिन यह एक सामान्य अदालत की तरह नहीं है।

आज एनजीटी को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एनजीटी अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा की जरूरत है। आमतौर पर उच्च न्यायालय और सवोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायिक सदस्यों के रूप में नियुक्त किए जाते हैं। इसके साथ ही 15 साल के अनुभव वाले भौतिक विज्ञान या जीव विज्ञान में डॉक्टरेट तथा इंजीनियरिंग स्नातकोत्तर व्यक्तियों को भी विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया जाता है। सवाल यह है विशेषज्ञों को किताबी ज्ञान के अलावा कितना व्यावहारिक ज्ञान होता है ? समस्या यह है कि इस दौर में किताबी ज्ञान वाले पर्यावरण विशेषज्ञों की भीड़ पैदा हो गई है।

इन विशेषज्ञों को पर्यावरण का व्यावहारिक ज्ञान नहीं होता है।

विश्व के कई भागों में अवैध रूप से मछली पकडऩा इसी अपराध की श्रेणी में आता है। पर्यावरणीय अपराधों में प्रदूषण संबंधी अपराधों का भी बड़ा दायरा है। अवैध कचरे की तस्करी तथा क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य ओजोन–क्षयकारी पदाथरे का अवैध उत्पादन और उपभोग भी इसी श्रेणी में आता है। दरअसल, पर्यावरण के मुद्दों को निपटाने के लिए बहुत से कानून अस्तित्व में हैं, मगर उनका ठीक ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। अनेक पर्यावरणीय अपराधों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वर्ष 2010 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की स्थापना की गई थी। हालांकि एनजीटी एक अर्ध–न्यायिक निकाय है और इसके पास सीमित शक्तियां हैं। सामान्य अदालतों पर बोझ कम करने के लिए एनजीटी बनाया गया था। इसके पास कानून–प्रवर्तन एजेंसियों के समान अधिकार हैं, लेकिन यह एक सामान्य अदालत की तरह नहीं है।
आज एनजीटी को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एनजीटी अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा की जरूरत है। आमतौर पर उच्च न्यायालय और सवोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायिक सदस्यों के रूप में नियुक्त किए जाते हैं।

आज जरूरत इस बात की है कि प्राधिकरण और अदालतों में व्यावहारिक ज्ञान वाले पर्यावरण विशेषज्ञों और जजों की नियुक्ति भी की जाए। पर्यावरण के संदर्भ में जजों की समझ विकसित करने के लिए निश्चित अंतराल पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जा सकती हैं। कमरों से बाहर निकलकर विभिन्न पर्यावरणीय क्षेत्रों में जाकर भी जजों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जा सकता है।

इस प्रक्रिया के माध्यम से जजों में एक नई पर्यावरणीय चेतना पैदा होगी। अभी तक पर्यावरण से जुड़े अपराधों को उतनी गंभीरता से नहीं देखा जाता है, जितनी गंभीरता से अन्य अपराधों को देखा जाता है। पर्यावरण से जुड़े अपराध मुख्यतः प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और प्रदूषण को लेकर ही होते हैं। पर्यावरणीय अपराधों के शीघ्र निस्तारण के लिए सरकार को भी पर्यावरणीय न्यायालयों में और ज्यादा संसाधन बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए।

# ममता क्यों नहीं आईं दिल्ली?



तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 29 मार्च को दिल्ली आना था। वे 29 और 30 मार्च को दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली थीं। लेकिन वे दिल्ली नहीं आईं। दिल्ली की बजाय उन्होंने कोलकाता में दो दिन का प्रदर्शन किया। ममता का प्रदर्शन उनके ट्रेडमार्क तरीके से बेहद नाटकीय था। वे मंच पर एक वाशिंग मशीन लेकर बैठी थीं, जिसमें उन्होंने काला कपड़ा डाला और सफेद कपड़ा निकाल कर दिखाया कि इसी तरह से भाजपा काम करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में जाते ही सारे अपराधी और आरोपी धुल कर सफेद हो जाते हैं।

सवाल है कि ममता बनर्जी का दिल्ली का कार्यक्रम क्यों रद्द हुआ? तृणमूल कांग्रेस के नेता आधिकारिक रूप से इसका जवाब नहीं दे रहे हैं लेकिन अनौपचारिक बातचीत में वे मान रहे है कि मानहानि के मामले में राहुल गांधी को सूरत की अदालत से दो साल की सजा होने और उसके बाद उनकी सदस्यता समाप्त होने से सारी कहानी बदल गई। ममता को लगा कि अभी दिल्ली में प्रदर्शन करना और गैर कांग्रेस मोर्चा बनाने की बात करना उपयुक्त नहीं होगा। क्योंकि इस समय पूरा फोकस कांग्रेस और राहुल गांधी पर है। तभी उनकी पार्टी के नेता भी संसद में विपक्ष की बैठकों में शामिल होने लगे।

राहुल गांधी को सजा होने और राजनीति की दिशा बदलने से पहले ममता बनर्जी बहुत आक्रमक तरीके से विपक्षी एकता के प्रयास कर रही थीं। उन्होंने गैर भाजपा और गैर कांग्रेस मोर्चा बनाने की घोषणा कर रखी थी। अपनी इस योजना के तहत वे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिली थीं। उसके बाद वे ओड़िशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक से मिलने भुवनेश्वर गईं। उस बीच वे जेडीएस के नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी से मिली थीं। दिल्ली आकर वे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मिलने वाली थीं।

लेकिन जब वे भुवनेश्वर में थीं उसी समय खेल बदल गया। वे 23 मार्च को नवीन पटनायक से मिलीं और उसी दिन राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त की गई।

बताया जा रहा है कि तभी ममता बनर्जी ने दिल्ली आकर प्रदर्शन करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। उनकी पार्टी ने रणनीति बदल दी। उन्होंने कोलकाता में पार्टी के प्रदर्शन के दौरान विपक्षी एकता की बात कही तो उसमें से कांग्रेस को अलग नहीं किया। कांग्रेस को लेकर भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की बात कही। उनके बाद उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी सभी विपक्षी पार्टियों से अपील करते हुए कहा कि सबको मिल कर चुनाव लडऩा चाहिए। सो, राहुल गांधी मामले का असर यह हुआ कि ममता ने दिल्ली का कार्यक्रम रद्द किया और भाजपा की तरह ही कांग्रेस से भी दूरी रखने की रणनीति भी छोड़ दी।

राहुल गांधी को सजा होने और राजनीति की दिशा बदलने से पहले ममता बनर्जी बहुत आक्रमक तरीके से विपक्षी एकता के प्रयास कर रही थीं। उन्होंने गैर भाजपा और गैर कांग्रेस मोर्चा बनाने की घोषणा कर रखी थी। अपनी इस योजना के तहत वे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिली थीं। उसके बाद वे ओड़िशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक से मिलने भुवनेश्वर गईं। उस बीच वे जेडीएस के नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी से मिली थीं। दिल्ली आकर वे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मिलने वाली थीं।

# एकता का विकल्प नहीं

बात यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है?

विपक्षी दलों में राष्ट्रीय स्तर पर अभी दिख रही एकजुटता आगे चल कर क्या शक्ल लेगी, इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। अगर एकता टिकी भी रही, तो यह अगले आम चुनाव में कितनी प्रभावी होगी, इस बारे में भी अभी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। फिलहाल सिर्फ यह साफ है कि विपक्षी दलों ने महसूस किया है कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है– अगर अब वे साथ नहीं आए, तो एक–एक कर सबका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। बात सिर्फ राहुल गांधी पर हुई कार्रवाई की नहीं है। बल्कि यह यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो यह वाजिब सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है? जाहिर है, तमाम विपक्षी दल ऐसा ही महसूस कर रहे हैं। मानहानि के प्रावधान का जिस तरह सियासी इस्तेमाल हुआ है, उसने अब जाकर विपक्षी समूहों की आंख खोली है।

जिस मामले में राहुल गांधी की संसद सदस्यता गई, उसकी सुनवाई करीब चार साल तक चली। अब जाकर अचानक कार्यवाही क्यों तेजी हुई, इसको लेकर विपक्ष अपने अपने निष्कर्ष निकाले हैं। राहुल गांधी के खिलाफ इसके पहले भी मानहानि के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र, असम, झारखंड आदि में उनके खिलाफ मानहानि के कई मुकदमे चल रहे हैं। लेकिन मानहानि ही विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए सरकार के पास इकलौता जरिया नहीं है। भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों के आधार पर केंद्रीय एजेंसियों का विपक्ष के नेताओं को ही निशाना बनाना इसी सिलसिले की एक कड़ी मानी गई है। गुजरात में एक कांग्रेस कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री की तस्वीर फाडऩे के आरोप में सजा हुई है, तो दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करने वाले पोस्टरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने दर्जनों मामले दायर किए हैं और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐसा इसके पहले आजाद भारत में कभी नहीं हुआ। विपक्ष ने इस घटनाक्रम का संदेश समझा है, यह अच्छी बात है।

# तैलीय त्वचा के लिए घर पर बनाएं ये 5 फेस क्लींजर, मिलेगा भरपूर लाभ

प्रतिदिन हमारी त्वचा गंदगी, धूल, धूप और कठोर रसायनों के संपर्क में आती है और इन चीजों से तैलीय प्रकार की त्वचा सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। ऐसे में चेहरे की सफाई के लिए उन फेस क्लींजर को चुनना करना चाहिए, जो त्वचा से अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को हटाकर उसे कोमल और चमकदार बना सके। आइए आज हम तैलीय त्वचा के लिए लाभादायक साबित होने वाले 5 फेस क्लींजर बनाने के तरीके बताते हैं।


### बतौर फेस क्लींजर इस्तेमाल करें जैतून का तेल

तैलीय त्वचा के लिए जैतून का तेल सबसे अच्छे क्लींजर में से एक है। यह त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित बनाए रखकर चेहरे के भीतर से अशुद्धियों को बाहर निकालने में बेहद मददगार है। यह त्वचा को पोषण भी प्रदान करता है। लाभ के लिए हथेली में थोड़ा–सा जैतून का तेल लेकर अपने चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में अच्छी तरह मसाज करें। कुछ मिनट के बाद गर्म पानी में भीगे तौलिए से चेहरे को पोंछ लें।

### शहद और नींबू का फेस क्लींजर

शहद और नींबू तैलीय त्वचा के लिए एक बेहतरीन संयोजन हैं। नींबू का साइट्रिक एसिड इसे एक आदर्श क्लींजिंग एजेंट बनाता है तो शहद त्वचा को पोषण और हाइड्रेट करता है। लाभ के लिए शहद और नींबू का रस मिलाकर इस मिश्रण को चेहरे पर लगाए और फिर 1 या 2 मिनट तक मसाज करें। 10 मिनट के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। ध्यान रखें कि चेहरे पर सिर्फ नींबू का रस नहीं लगाना चाहिए।

### खीरे और टमाटर का फेस क्लींजर



खीरा और टमाटर का मिश्रण एक बेहतरीन क्लींजिंग एजेंट के रूप में काम करता है। टमाटर गंदगी और जमी हुई मैल को साफ करता है, जबकि खीरा चेहरे को अतिरिक्त ताजगी प्रदान करता है। लाभ के लिए खीरे के पेस्ट और टमाटर के रस को एकसाथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के बाद चेहरे को पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे पर सीरम लगाएं।

### सेब का सिरका आएगा काम

सेब के सिरके में मैलिक एसिड जैसे एक्सफोलिएंट्स होते हैं, जो त्वचा की कोशिकाओं की गंदी, मृत और सुस्त परत को हटाने में मदद कर सकते हैं। इसकी हल्की एसिडिक प्रकृति अतिरिक्त तेल को भी अवशोषित करती है। लाभ के लिए सिरके को पानी मिलाएं और फिर रूई से मिश्रण को पूरे चेहरे पर लगाएं। अब चेहरे को ठंडे पानी से धो लें और तौलिए से थपथपाकर सुखाएं। इसके बाद मॉइस्चराइजर या कुछ जोजोबा तेल लगाना न भूलें।

### बेसन और हल्दी से बनाएं फेस क्लींजर

बेसन और हल्दी का मिश्रण चेहरे पर मौजूद अशुद्धियों, गंदगी और अतिरिक्त तेल को सोख लेता है। इसके अतिरिक्त, यह त्वचा को एक्सफोलिएट भी करता है। लाभ के लिए आधे कप बेसन में 1/4 कप मूंग दाल पाउडर और 1 छोटी चम्मच हल्दी पाउडर को मिलाकर एक कंटेनर में रख लें। इसके इस्तेमाल के लिए पहले चेहरे को गीला करें, फिर इस मिश्रण का 1 चम्मच लेकर चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरा धो लें।

# वीकेंड पर तीर्थनगरी में जाम से परेशानी



ऋषिकेश। वीकेंड पर रविवार को दिल्ली, हरियाणा, एनसीआर आदि इलाकों से बड़ी संख्या में पर्यटकों ने राफ्टिंग और बीच कैंप का लुत्फ उठाने के लिए ऋषिकेश का रुख किया। पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने से हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे पर कोयलघाटी तिराहे से तपोवन और बाईपास मार्ग पर तहसील चौक से ढालवाला तक लंबा जाम लगने से लोग हलकान रहे। पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान मशक्कत करते रहे। मनसा देवी तिराहे से तहसील चौक, नटराज चौक, ढालवाला से लेकर भद्रकाली तक वाहनों का लंबा जाम रहा। दिल्ली, हरियाणा, एनसीआर से सुबह से ही सैलानियों के तीर्थनगरी ऋषिकेश का रुख करने से हाईवे पर पर्यटक वाहनों का दबाव बना रहा। एक के पीछे एक दिल्ली, हरियाणा और यूपी नंबर के वाहन सरक सरककर आगे बढ़ते दिखायी दिए। हाईवे पर कोयलघाटी तिराहा, घाट चौक, चंद्रभागा पुल तिराहा, कैलास गेट, मुनिकीरेती से लेकर तपोवन तक लंबा जाम रहा। बाधित यातायात को सुचारु करने में पुलिस को जमकर मशक्कत करनी पड़ी। देर शाम तक स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। लोगों ने जाम की समस्या को लेकर पुलिस की व्यवस्था पर सवाल उठाए। कहा कि हाईवे के किनारे सवारियों के इंतजार में आड़े तिरछे खड़े तिपहिया ट्रैफिक बिगाड़ते हैं,

## स्क्रैप पॉलिसी के तहत बाहर हुए वाहनों की जगह नये वाहन खरीदें

देहरादून। राजकीय वाहन चालक संघ सिंचाई विभाग की बैठक में स्क्रैप पॉलिसी के तहत बाहर किए गए वाहनों की जगह नये वाहन खरीदने की मांग की गई।

इसके साथ ही अन्य मांगों के निराकरण की भी मांग की गई। रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्क्रैप पॉलिसी के तहत एक अप्रैल से 15 साल या इससे अधिक पुराने वाहन सड़क से बाहर हो गए हैं। सरकार को इन वाहनों की जगह नये वाहन खरीदने चाहिए। इसके साथ ही ग्रेड पे बढ़ाने और सभी वाहनों का बीमा विभाग द्वारा करने की मांग की गई। इस मौके पर सबर सिंह रावत संरक्षक, शिवानंद सलाहकार, ताराचंद शाखा अध्यक्ष, दयानंद लेखवार कोषाध्यक्ष, विरेंद्र सिंह नेगी संगठन मंत्री चुने गए।

# तीर्थंकर भगवान महावीर निर्वाण उत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर मनाएगा जैन समाज

देहरादून। भारतीय जैन मिलन के 25 वें वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन में तीर्थंकर भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण उत्सव राष्ट्रीय को स्तर पर मनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर वीर ऑफ ईयर दून के संजीव जैन, सहारनपुर के अमित जैन व वीरां ऑफ द ईयर पुरस्कार दून की ममलेश जैन व सहारनपुर की सरिता जैन को प्रदान किए गए। विशिष्ट शाखा का पुरस्कार जैन मिलन देहरादून व सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार जैन मिलन प्रगति को प्रदान किया गया। गांधी रोड स्थित जैन धर्मशाला में भारतीय जैन मिलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिनाश जैन ने पंचरंगी ध्वज का आरोहण किया। महावीर प्रार्थना, चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन व स्वागत गीत के साथ के साथ जैन ध्वज के सम्मान में मनभावन झंडागान प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में आगंतुकों को अभिवादन करते हुए कहा कि जैन समाज की विभिन्न शाखाएं जैन समाज की युवा पीढ़ी को अच्छी तरह मार्गदर्शन दे रही हैं, शाखा गठन का यही उद्देश्य भी है। राष्ट्रीय मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष नरेश जैन ने कहा कि जैन धर्म अनादि अनंत है, इसका समृद्धशाली इतिहास रहा है। विशिष्ट संरक्षक सुरेश चंद्र जैन रितुराज ने भगवान महावीर के 2550 वें वर्ष में भगवान महावीर के उपदेशों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। उन्होने बताया कि भगवान महावीर का निर्वाण उत्सव पूरे देश में मोक्ष कल्याणक दिवस के रुप में 13 नवंबर 2023 से एक नवंबर 2024 तक वर्ष भर मनाया जाएगा। इससे पहले क्षेत्रीय मंत्री डॉ.संजय जैन ने वर्षभर कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन, मुख्य संयोजक संदीप जैन, शाखा अध्यक्ष प्रदीप जैन, अलका जैन, नवीन जैन, ममलेश जैन, सुनील जैन, संजीव जैन, मधु जैन, सचिन जैन, नरेश जैन ने भी विचार रखे। सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, देवबंद आदि शहरों से आए पांच सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने जैन मिलन आंदोलन को गतिशील व प्रभावी बनाने पर मंथन किया।

# किसानों के हित में काम कर रही डबल इंजन की सरकार

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक में सरकार की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देने की भी रणनीति पर भी मंथन किया गया। रविवार को शंकरपुर स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं। लिहाजा डबल इंजन की सरकार किसानों के हित में कई योजनाओं का संचालन कर रही है, जिससे उनके घर में खुशहाली आए। किसान खुशहाल होंगे तो देश में भी खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि किसान भी देश के विकास में योगदान देने के लगन से जुटा हुआ है। कहा कि कांग्रेस इन दिनों देश की जनता को बरगलाने का काम कर रही है। किसानों के बीच भी कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है, लेकिन देश का किसान सच्चाई जानता है। खेतों में लहलहाती फसल किसान की मेहनत के परिणाम के साथ ही सरकार की नीतियों का फल भी है। केंद्र सरकार ने किसानों के लिए ऐसी नीतियां लागू की हैं, जिससे खेती और किसान दोनों को फायदा हो रहा है। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुखदेव फर्सवाण ने कहा कि देश और प्रदेश सरकार की ओर किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। अक्सर गांवों के किसानों को सरकारी नीतियों की जानकारी नहीं होती है, जिससे उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है। लिहाजा प्रत्येक किसान को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जानी जरूरी है। इस दौरान किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मातवर सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह, किसान मोर्चा के जिला मंत्री अरविंद सोलंकी, अनुज गुलेरिया, विनोद कश्यप, अमित डबराल, बल बहादुर थापा, विकास शर्मा, जगमोहन चंद, नारायण ठाकुर, नीरज नेगी आदि मौजूद रहे।

## शिकायत पर रोका नहर निर्माण का कार्य

ऋषिकेश। माजरीग्रांट में सिंचाई नहर निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत पर विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। इन दिनों ग्राम पंचायत माजरीग्रांट के वार्ड नं 6 में सिंचाई विभाग द्वारा नहर बनाई जा रही है। इसमें ग्रामीण घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीण रणवीर सिंह सैनी ने कहा कि यह नहर किसानों की खेतों की सिंचाई के लिए बनाई जा रही है, लेकिन इसमें घटिया सामग्री लगाई जा रही है। नहर बनाने के लिए नीचे से जमीन खोदी नहीं जा रही है, ऊपर से ही नहर बना दी जा रही है।

# युवाओं को देश के विकास में अपना योगदान देना होगा: नेहा जोशी

विकासनगर। भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। उनमें देश को शिखर पर ले जाने की क्षमता है। युवाओं के आगे आने से समाज को सही दिशा मिलेगी और देश तरक्की करेगा। ऐसे में युवाओं को देश के विकास में अपना योगदान देना होगा। यह बातें उन्होंने रविवार को सुद्धोवाला स्थित एक निजी फार्म हाउस में भाजयुमो की ओर से आयोजित वाई–20 चौपाल में कही। इस चौपाल में देश के विकास में युवाओं की भागीदारी, उनके कौशल विकास और युवा ऊर्जा के सकारात्मक उपयोग पर भी चर्चा की गई। नेहा जोशी ने कहा कि युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान हैं, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं, उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं। इन सपनों के पूरा होने से देश के विकास में भी सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तुलना में, भारत में 18 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की अच्छी खासी आबादी है, लिहाजा देश के विकास के लिए युवा ऊर्जा की कोई कमी नहीं। जरूरत सिर्फ युवाओं को दृढ़ संकल्पित होने की है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष चिराग गुलेरिया ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर रहते हुए अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत का प्रमुख फोकस विश्व के युवा नेताओं को एक साथ लाने, बेहतर भविष्य पर चर्चा करने और कार्रवाई के लिए एजेंडा तैयार करने पर है। वाई–20 सम्मेलन से भारत को यह मौका मिला है। इसके लिए मुख्य युवा–20 शिखर सम्मेलन से पहले वाई–20 से संबंधित पांच विषयों पर सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही और साथ ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विभिन्न परिचर्चाएं तथा संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने पछुवादून के युवाओं को भी इन आयोजनों में प्रतिभाग करने की सलाह दी। इस दौरान युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीपक ठाकुर, अनुज रतूड़ी, प्रवीण पंवार, संजीव मिन्हास, मोहित राणा, विवेक रावत, मथुरा प्रसाद गौड़, संजय तोमर आदि मौजूद रहे।

## कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

रुड़की। पेट्रोल पंप के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गए।

गांव राजूपुर उत्तर प्रदेश निवासी इस्लाम और सलमान अहमद किसी काम से अपनी रिश्तेदारी झबरेड़ा आ रहे थे। वह कस्बा स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही कार की चपेट में आ गए।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लगाया जनजाति कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप



विकासनगर। जनजाति विकास समिति जौनसार बावर से जुड़े लोगों का गुस्सा रविवार को जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने कालसी ब्लॉक मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर जनजाति कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जनजाति क्षेत्र जौनसार बावर सहित उत्तराखंड के 16 आश्रम पद्धति विद्यालय और चार आईटीआई में छात्र–छात्राओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। इन संस्थानों में मानकों के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। जनजाति कल्याण विभाग में शीर्ष पद पर तैनात एक अधिकारी द्वारा इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी अधिकारी के माध्यम से कुछ जन प्रतिनिधि इन विद्यालयों के प्रबंधन को मैनेज करने का काम कर रहे हैं। इसके साथ ही अधिकारी की ओर से एकलव्य आवासीय विद्यालय की गतिविधियों में भी अनावश्यक दखल दी जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनजाति कल्याण विभाग की कार्यशैली से से विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिसका खामियाजा में इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालयों में जनजाति वर्ग के गरीब बच्चे पढ़ते हैं, जिनके लिए आवासीय व्यवस्था भी होती है। लेकिन पिछले कुछ समय से इन विद्यालयों की व्यवस्थाएं पटरी से उतरी हुई हैं।

छात्र–छात्राओं को मानक के अनुरूप सुविधाएं नहीं मिलने से उनके बीमार पड़ने का खतरा भी बना हुआ है, जिससे अभिभावक भी परेशान हैं।

## कांग्रेस महानगर कार्यकारिणी और सभी प्रकोष्ठ भंग

देहरादून। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने महानगर कार्यकारिणी सहित सभी प्रकोष्ठ एवं विभाग तत्काल प्रभाव से भंग कर दिए हैं। डॉ. गोगी ने कहा कि नई कार्यकारिणी, प्रकोष्ठों और विभागों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसमें महानगर में व्यापार प्रकोष्ठ, मलिन बस्ती प्रकोष्ठ आदि सभी तत्काल प्रभाव से भंग कर दिए गए हैं। कुछ नए प्रकोष्ठों और विभागों का गठन किया जाएगा। शीघ्र नई कार्यकारिणी के साथ इन प्रकोष्ठों और विभागों की घोषणा की जाएगी।

# यूकेडी ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

ऋषिकेश। यूकेडी पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार किया।

इसमें धर्मवीर सिंह गुसाईं को जिला कार्यकारी अध्यक्ष और शैलेंद्र सिंह गुसाईं को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।रविवार को विकास खंड डोईवाला सभागार में यूकेडी की बैठक हुई।

जिला अध्यक्ष संजय डोभाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष धर्मवीर सिंह गुसाईं, जिला संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह गुसाईं, थानो खंड अध्यक्ष सतीश तिवाड़ी, श्यामपुर खंड अध्यक्ष अमित कलूरा, जिला महामंत्री दिनेश सेमवाल, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष विशाल कुमार, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरमुख सिंह, श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्यामसुंदर को मनोनीत किया गया। नगर प्रभारी केंद्र पाल सिंह तोपवाल ने बीना नेगी, सुरेंद्र चौहान, संजू कृषाली, अमित कुमार, जगदीश सिंह सजवान, विनोद कोठियाल, अवतार सिंह बिष्ट, नंदन बिष्ट एवं राजकुमारी उनियाल को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया।

केंद्रीय महामंत्री संगठन मोहन सिंह असवाल ने कहा कि यूकेडी की प्राथमिक सदस्यता अभियान को प्रत्येक गांव तक ले जाने का काम करेंगे। केंद्रीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष समीर मुंडीपी ने कहा कि राज्य हासिल करने में यूकेडी की अहम भूमिका रही है।

युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि युवा शक्ति डोईवाला निकाय चुनाव में दल को मजबूत करने में अपना योगदान देगी। मौके पर प्रीति थपलियाल, जगदम्बा भट्ट, शशिधर, मुनेंद्र नेगी, योगी पंवार, कांता नवानी, निर्मला भट्ट, शशी बाला, जीवानंद, जगदीश बिंजौला, नैना, शंकर नौटियाल, दिनेश कोठियाल, युद्धवीर, प्रवीण रमोला, भोला प्रसाद चमोली आदि उपस्थित रहे।

# आप की बैठक में उठे महंगाई और बिजली–पानी के मुद्दे



हरिद्वार। आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की एक बैठक रानीपुर स्थित होटल में हुई। जिसमें चुनाव लड़ने सहित बिजली–पानी की बढ़ती दरों पर चिंता जाहिर कर वार्ड अध्यक्षों की उपस्थिति में घर–घर जाकर आप की नीतियों और अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को जनता के बीच पहुंचाने और भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों को जन जन तक पहुंचाने सहमति बनी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि आगामी नगर निगम चुनाव में पार्टी सभी वार्ड में बड़ी मजबूती से लड़ेगी, जिसके लिए आज से ही तैयारी करने की जरूरत है। कहा भाजपा सरकार की नीतियों से पूरा देश त्रस्त है, महंगाई और बेरोजगारी से जनता बेहाल है। पार्टी की नीतियों को घर–घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत राय ने कहा कि भाजपा आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है, परंतु हकीकत में आज देश अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश की जनता भी आप में अपना भविष्य सुरक्षित देख रही है। कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा की आप तेजी से बढ़ती हुई पार्टी है। जिला अध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि पार्टी आगामी निगम चुनाव मजबूती से लड़ेगी और उसके लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा। अगले सप्ताह से आप घर–घर जाकर अभियान चलाएगी। इसके लिए सभी वार्ड अध्यक्षों को अपने–अपने वार्ड में सक्रिय रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। विधानसभा अध्यक्ष अनिल सती ने कहा की 60 वार्डों में 70 प्रतिशत वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है, जल्द ही सभी वार्डों में अध्यक्ष नियुक्त हो जाएंगे। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ममता सिंह ने कहा जनता अब आप को लाना चाहती है। बैठक में जिला प्रवक्ता एडवोकेट सचिन बेदी, सुजीत गुप्ता, मयंक गुप्ता, रविंद्र कुमार, खालिद हसन, मानिक गिरी, भरत कुमार, संजय गौतम, विशाल शर्मा, राकेश यादव, सोनू कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों का निशुल्क होम्योपैथिक परीक्षण किया

ऋषिकेश। होप फॉर द हॉपलेस शिविर में शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का निशुल्क होम्योपैथिक परीक्षण किया गया । इस दौरान उन्हें दवाइयां भी वितरित की गईं। करीब 400 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। रविवार को कैलाश आश्रम के भक्त निवास में आयोजित शिविर में होम्योपैथिक पद्धति से चिकित्सकों ने दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। इस दौरान डॉ. प्रफुल्ल विजयकर ने बताया कि वह कई शिविर लगाकर दिव्यांग लोगों और बच्चों का उपचार कर चुके हैं। शिविर में डॉ. एसके बरनवाल, डॉ. अमरीश कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. बीएस चौहान, डॉ. रणविजय प्रताप, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. लव कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. राजेश आदि मौजूद रहे।

# पवन बने त्यागी विकास एवं कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष

हरिद्वार। त्यागी विकास एवं कल्याण सभा के द्विवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से पवन त्यागी को प्रदेश अध्यक्ष, प्रदीप त्यागी को प्रदेश महामंत्री और धीरेंद्र त्यागी को प्रदेश निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया। सभा की निवर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर उत्तरी हरिद्वार स्थित आश्रम में आयोजित आमसभा में तीनों पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। चुनाव से पूर्व निवर्तमान महामंत्री परितोष त्यागी ने सभा के विगत कार्यकाल की आय–व्यय का विवरण और क्रियाकलापों की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने तीनों पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर अगले कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। नवनर्विाचित प्रदेश अध्यक्ष पवन त्यागी, प्रदेश महामंत्री प्रदीप त्यागी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरेंद्र त्यागी ने सभी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों ने उन पर जो भरोसा किया है उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बैठक में त्यागी समाज उत्तराखंड के संरक्षक जेडी त्यागी, मामचंद त्यागी, डा. राकेश त्यागी, डा. गजेन्द्र त्यागी, विकास त्यागी, नवीन त्यागी, एडवोकेट बृजेश त्यागी, प्रदीप त्यागी, नरेश त्यागी, अंकुल त्यागी, संजय त्यागी, सतीश त्यागी, परितोष त्यागी, ब्रजेश फौजी, विनोद त्यागी, नरोत्तम त्यागी, मधुप त्यागी, चंदन त्यागी, श्यामकुमार त्यागी, नीरज त्यागी, धर्मपाल त्यागी, निरंकार त्यागी, योगेश त्यागी, साधुराम त्यागी, राजकुमार त्यागी, बागेश त्यागी, बिरसपाल त्यागी, प्रमोद त्यागी, अनिल त्यागी, राकेश त्यागी, भूपेंद्र त्यागी, विजय त्यागी, अमित त्यागी, सुरेंद्र त्यागी, राजू त्यागी, विश्वास त्यागी, मनोज त्यागी, अंकित त्यागी, आशीष मुनि त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## दो युवक पकड़े

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस के हत्थे चढ़े दो युवकों के कब्जे से चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम को चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवकों के पास से चाकू बरामद हुए। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने आरोपियों की पहचान रोहित सैनी, निवासी ग्राम मंडावर भगवानपुर और राहिल, निवासी गांव सराय ज्वालापुर के रूप में कराई।

# संजय शास्त्री अध्यक्ष और मनोज ध्यानी कार्यकारी अध्यक्ष बने

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में वाहनों के संचालन के लिए संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति का गठन कर दिया गया है। संजय शास्त्री को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष और मनोज ध्यानी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। संयुक्त रोटेशन में नौ परिवहन कंपनियां शामिल रहेंगी।

रविवार को जीएमओ कार्यालय में आयोजित सभी प्रमुख परिवहन कंपनियों के अध्यक्षों की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष समिति में प्रमुख नौ परिवहन कंपनियों को ही शामिल किया जाएगा। सर्वसम्मति से गढ़वाल मंडल कान्ट्रैक्ट कैरीज कंपनी के अध्यक्ष संजय शास्त्री को रोटेशन समिति का अध्यक्ष और यातायात पर्यटन एवं विकास सहकारी संघ के अध्यक्ष मनोज ध्यानी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।इस दौरान रोटेशन अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि विभाग की ओर से बाहरी वाहनों को छूट देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार ऐसे वाहनों पर रोक लगाए और उत्तराखंड के वाहन स्वामियों को प्राथमिकता दें। बैठक में जीएमओ अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, टीजीएमओ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह नेगी, यातायात परिवहन कंपनी के उपाध्यक्ष नवीन रमोला, रूपकुंड कंपनी के अध्यक्ष भोपाल सिंह नेगी, जीएमसीसी के संचालक सुधीर राय, गढ़वाल मंडल बहुउद्देशीय सहकारी समिति के संचालक विनोद भट्ट, रूपकुंड के सचिव देवेंद्र सिंह रावत, सीमांत सहकारी समिति के सचिव नंदन सिंह भंडारी, संचालक चरण सिंह गढ़िया, जीएमओ संचालक कुंवर सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, रोटेशन प्रभारी नवीन तिवाड़ी, हर्ष सिंह रावत, यशवंत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## अस्पताल की पार्किंग से एक कार चोरी

हरिद्वार। हरिद्वार रुड़की हाईवे पर भूमानंद अस्पताल की पार्किंग से एक कार चोरी कर ली गई। वाहन स्वामी की शिकायत पर ज्वालापुर पुलिस ने पार्किंग संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनखल के पुरुषोत्तम विहार निवासी होटल व्यावसायी गुलशन टुटेजा पुत्र आनंद प्रकाश टुटेजा के भाई का 31 मार्च को अस्पताल में ऑपरेशन था। उन्होंने अपनी कार पार्किंग में पार्क की थी, लेकिन दोपहर के वक्त जब वह वहां पहुंचे तो कार गायब थी।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 200 लोग लाभांवित हुए


ऋषिकेश। न्याय पंचायत श्यामपुर के खदरी खड़कमाफ गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का करीब 200 लोगों ने लाभ उठाया। रविवार को खदरी खड़कमाफ के चोपड़ा फार्म में आयोजित नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन क्षेत्र पंचायत सदस्य बीना चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पहली बार निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया है। आगे भी ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच के लिए इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। शिविर में सी व्यू नेत्र की टीम मौजूद रही। डॉ. महावीर बड़थ्वाल की देखरेख में उनकी टीम में शामिल ज्योति, मोहित, संजीव, नितिन ने लोगों की आंखों की जांच की। उचित परामर्श के साथ लोगों को दवाइयां भी वितरित की गईं।

# पूर्व की भांति ही लच्छीवाला टोल प्लाजा में फ्री पास बनेंगे



ऋषिकेश। लच्छीवाला टोल प्लाजा पर रानीपोखरीवासियों का फ्री टोल पास न बनाए जाने पर लोगों ने प्रदर्शन किया। रानीपोखरी न्याय पंचायत के निवासियों ने पूर्व की भांति फ्री टोल पास बनाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद टोल प्रबंधक ने क्षेत्रवासियों की मांग मान ली। रविवार को रानीपोखरी न्याय पंचायत के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग लच्छीवाला टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए। वहां उन्होंने नारेबाजी कर गेट नंबर एक पर धरना दिया। लोगों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार मोहम्मद शादाब, सीओ अनिल कुमार शर्मा, कोतवाली प्रभारी राजेश साह मौके पर पहुंचे। रानीपोखरी प्रधान सुधीर रतूड़ी ने कहा कि जब यह टोल बनाया गया था, उस समय यह बात हुई थी कि डोईवाला विधानसभा के लोगों के लिए फ्री पास की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद सभी के पास बनाए गए। मगर कुछ दिन पूर्व से ही रानीपोखरी के पास बनाने बंद कर दिए गए। इससे क्षेत्रवासियों को असुविधा हो रही है। भाजपा रानीपोखरी मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा ने कहा कि रानीपोखरी वासियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। टोल प्लाजा से कुछ ही दूरी पर रानीपोखरी न्याय पंचायत के लोगों के टोल पास आखिर क्यों बंद किए जा रहे हैं। इस दौरान टोल प्लाजा प्रबंधक के साथ वार्ता हुई, इसमें पूर्व की भांति ही पास बनाए जाने की बात पर लोगों ने प्रदर्शन बंद किया। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी, व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य जीवन चौहान, सुनील यादव, ग्राम प्रधान अभिषेक कृषाली, मनोज भट्ट, अशोक कपरूवान, नरेश रावत, प्रशांत रावत, राकेश, गब्बर रावत, मुकेश पंत, संजय खत्री, सुभाष रावत, सर्वेश रावत, रुचि रावत आदि शामिल रहे।

# फाफ डु प्लेसिस बने "कृष", ऋतिक का पकड़ा शानदार कैच



दिल्ली, आईपीएल 2023 के दूसरे मैच में आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने शानदार कैच पकड़ा। इस अद्भुत कैच को देख दर्शकों ने दांतों तले अंगुलियां दबा ली। वहीं, विराट कोहली भी अपने आप को खुशी मनाने से नहीं रोक पाए।दरअसल, 18वें ओवर में हर्षल पटेल के ओवर की पहली गेंद पर मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज ऋतिक ने मिड ऑफ के ऊपर से शॉट मारने का प्रयास किया। ऋतिक गेंद को सही से टाइम नहीं कर पाए, लेकिन एक बार लगा की गेंद मिड ऑफ के ऊपर से निकल जाएगी, लेकिन पीछे भागते हुए कप्तान डु प्लेसिस ने शानदार कैच लपका। दर्शक इस कैच को देख आरसीबी-आरसीबी चिल्लाने लगे।

**रॉयल चैलेंजर बैंगलोर ने जीता टॉस**

गौरतलब हो कि बैंगलोर के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई और बैंगलोर के बीच आईपीएल के 16वें सीजन का पांचवां मैच खेला जा रहा है। टॉस जीतकर रॉयल चैलेंजर बैंगलोर ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। फ्छइ के गेंदबाजों ने मुंबई के टॉप बल्लेबाजों पर लगाम लगा दी। उन्हें बड़ी पारी खेले नहीं दिया। हालांकि, तिलक वर्मा ने अर्धशतक पूरा किया।

## आईपीएल की शुरुआत में ही गुजरात टाइटंस को झटका, स्टार खिलाड़ी पूरे टूर्नामेंट से हुआ बाहर



नई दिल्ली । आईपीएल 2023 की शुरुआत में हो गई है। कल खेले गए पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ का कैच लेने की कोशिश में गुजरात टाइटंस के स्टार खिलाड़ी केन विलियमसन चोटिल हो गए थे। इसके बाद केन विलियमसन को मैदान से तत्काल ही बाहर ले जाया गया है।

बताया जा रहा है कि केन विलियमसन के दाएं घुटने में बहुत गहरी चोट लगी है। वहीं अब यह खबर सामने आई है कि ये इतनी ज्यादा गहरी है की केन को अब वापस जाना पड़ रहा है। चोटिल होने के कारण से केन विलियमसन अब इस आईपीएल में और नहीं खेल पाएंगे।

# स्टेडियम में न लहराएं पोस्टर्स वरना होगी सख्त कार्रवाई



नई दिल्ली, आइपीएल के मैच देखने के लिए आने वाले दर्शकों के लिए एक विशेष सलाह जारी की गई है जिसके अनुसार दिल्ली, मोहाली, हैदराबाद और अहमदाबाद चार शहरों में उन्हें नागरिकता संशोधन कानून (उअअ) और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (ठफउ) का विरोध करते हुए बैनर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।पेटीएम इनसाइडर चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपरजायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रायल्स और पंजाब किंग्स का टिकट साझीदार है, उसने कुछ प्रतिबंधित सामानों की सूची जारी की है और इसमें से एक सीएए और एनआरसी विरोध से संबंधित बैनर हैं।

**बीसीसीआइ से ली गई सलाह**

समझा जा सकता है कि यह परामर्श फ्रेंचाइजी द्वारा जारी किया गया है जो अपने संबंधित घरेलू मैचों के टिकट का कामकाज देखती है। यह सामान्यतः बीसीसीआइ से सलाह के बाद किया जाता है क्योंकि यह खेल प्रतियोगिता किसी भी संवेदनशील राजनीतिक या नीतिगत मुद्दों के प्रचार की अनुमति नहीं देती। एक आइपीएल फ्रेंचाइजी के एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिबंधित सामान पर कोई भी परामर्श हमेशा ही बीसीसीआइ से विचार विमर्श के बाद किया जाता है।

**चोटिल केन विलियमसन आइपीएल से बाहर**

बता दें कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज केन विलियमसन घुटने की चोट के कारण आइपीएल से बाहर हो गए हैं। टीम ने इसकी पुष्टि की।गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने एक कहा,'टूर्नामेंट में इतने पहले केन को चोट के कारण खोना दुखद है। हम उनके जल्दी फिट होने की कामना करते हैं।' टीम उनके विकल्प का एलान जल्दी ही करेगी।

# मैच हारने के बाद भी टीम के परफॉर्मेंस से खुश दिखे कप्तान 'भुवी'



नई दिल्ली, आईपीएल 2023 में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच के राजस्थान के बल्लेबाजों ने कमाल किया। वहीं, हैदराबाद के बल्लेबाजों ने राजस्थान के गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए। इस मुकाबले को राजस्थान ने 72 रन से जीत लिया। टॉस जीतकर हैदराबाद के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने गेंदबाजी करने का फैसला किया।

**संजू सैमसन ने खेली कप्तानी पारी**

पहली पारी में राजस्थान की ओर जोस बटलर ने 22 गेंदों पर 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। यशस्वी जायसवाल ने भी 37 गेंदों पर 54 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा संजू सैमसन ने भी कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 32 गेंदों पर 55 रन बनाए। इन तीन टॉप ऑडर द्वारा की गई शानदार बल्लेबाजी के बदौलत राजस्थान ने 203 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

**हैदराबाद के बल्लेबाज हुए फेल**

इसके जवाब में हैदराबाद की टीम आठ विकेट गंवाकर महज 131 रन बनाने में सफल रही। बता दें कि पहली ही ओवर में राजस्थान के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट झटक लिए। अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी बिना खाता खोले आउट हो गए। मयंक अग्रवाल ने 27 और अब्दुल समद ने 32 रन की पारी खेली। राजस्थान की ओर से यजुवेंद्र चहल ने 17 रन देकर चार विकेट हासिल की। 20 ओवर समाप्त होने के बाद हैदराबाद की टीम 8 विकेट गंवाकर 131 रन बनाने में कामयाब रही।

**गलतियों पर काम करने की जरुरतः भुवनेश्वर कुमार**

मैच खत्म होने के बाद भुवनेश्वर कुमार ने कहा, "हमें बस अपनी गलतियों पर काम करते हुए आगे बढ़ना होगा। हमने अंतिम के पांच-छह ओवर में अच्छी गेंदबाजी की। साथ ही उमरान ने अंत में आज जिस तरह से बल्लेबाज की वह देख कर अच्छा लगा।" उन्होंने आगे कहा कि ये दोनों चीजें आज हमारे लिए सकारात्क रही हैं। जैसे ही साउथ अफ्रीका के सभी खिलाड़ी टीम में आ जाते हैं, हमारी बल्लेबाजी काफी अच्छी हो जाएगी।"

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

हैदराबादः अभिशेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फ़्लिप्स, हैरी ब्रूक्स, वॉशिंगटन सुंदर, भुवनेश्वर कुमार, फ़ज़लहक़ फ़ारूक़ी, आदिल रशीद, उमरान मलिक, टी नटराजन

राजस्थानः जॉस बटलर, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, देवदत्त पड्क़िल, शिमरॉन हेटमायर, रियान पराग, जेशन होल्डर, रवि अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, युज़वेंद्र चहल, के एम आसिफ़

## पीएम मोदी ने दुर्रानी के निधन पर जताया शोक

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर सलीम दुर्रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

श्री मोदी ने कहा, सलीम दुर्रानी जी क्रिकेट के दिग्गज थे। उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में भारत के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मैदान के अंदर और बाहर वह अपने अंदाज के लिये जाने जाते थे। उनके निधन से आहत हूं। उनके परिवार तथा मित्रों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। उनकी आत्मा को शांति मिलें।

उन्होंने आगे कहा, मुझे उनके साथ बातचीत करने का अवसर मिला और मैं उनके बहुमुखी व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित हुआ हूं। उनकी कमी जरूर खलेगी।

गौरतलब है कि दुर्रानी का रविवार को उम्रजनित बीमारी के बाद गुजरात के जामनगर में उनके आवास पर निधन हो गया।

## टीम इंडिया के दिग्गज क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन, कैंसर से गई जान

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन 88 साल की उम्र में हो गया है। उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार सुबह अपने जामनगर स्थित घर में उन्होंने अंतिम सांस ली, उनके पारिवारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। वो कैंसर से जूझ रहे थे।

दुर्रानी पहले ऐसे भारतीय क्रिकेटर हैं, जिन्हें अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया था। 1960 में दुर्रानी को अर्जुन अवार्ड का खिताब दिया गया था। दुर्रानी ने भारत की ओर से कुल 29 टेस्ट मैच खेले और इस दौरान 1202 रन बनाए जिसमें 1 शतक और 7 अर्धशतक शामिल रहा, इसके अलावा 75 विकेट लेने में सफल रहे थे।


स्पिन ऑलराउंडर सलीम दुर्रानी का जन्म 11 दिसंबर 1934 को अफगानिस्तान के काबुल में हुआ था। मगर जब दुर्रानी सिर्फ 8 महीने के थे तभी उनका परिवार पाकिस्तान के कराची में आकर बस गया था। इसके बाद जब भारत और पाकिस्तान का बंटवारा हुआ, तब दुर्रानी का परिवार भारत आ गया था।

दुर्रानी ने क्रिकेट जगत में 60-70 के दशक में अपने ऑलराउंड परफॉर्मेंस से अलग पहचान बनाई थी। भारत के क्रिकेट इतिहास में दुर्रानी एक शानदार ऑलराउंडर के तौर पर जाने जाते हैं। उन्होंने साल 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई टेस्ट में डेब्यू किया था। दुर्रानी आतिशी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे। साथ ही दर्शकों के कहने में छक्का जमाने के लिए भी दुर्रानी काफी मशहूर थे।

सलीम दुर्रानी ने आखिरी टेस्ट मैच फरवरी 1973 को इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में खेला था। फिर उन्होंने 1973 में ही क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद फिल्म इंडस्ट्री में भी हाथ आजमाया था। सलीम ने बॉलीवुड फिल्म ह्यचरित्रह्न में काम किया था। इस फिल्म में बेहद खूबसूरत हीरोइन परवीन बॉबी थीं।

# फिल्मी सफर

# किशोर कुमार की बायोपिक में नजर आएंगे रणबीर कपूर, 11 साल से चल रहा काम



रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन कर रहे हैं। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि रणबीर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली बायोपिक में नजर आएंगे। वह कोलकाता के इडेन गार्डेन में गांगुली के साथ क्रिकेट खेलते हुए भी नजर आए हैं। अब उन्होंने इन खबरों का खंडन किया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वह महान गायक किशोर कुमार की बायोपिक पर काम कर रहे हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार रणबीर ने कहा कि किशोर की बायोपिक पर पिछले 11 साल से काम चल रहा है। लोकप्रिय फिल्ममेकर अनुराग बसु इस फिल्म पर काम कर रहे हैं। रणबीर ने कहा, मैं किशोर कुमार की बायोपिक में पिछले 11 साल से काम कर रहा हूं। हम अनुराग बसु के साथ इसे लिख रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यही मेरी अगली बायोपिक होगी। रणबीर और अनुराग ने पिछली बार 2012 में बर्फी में काम किया था।हाल ही में रणबीर तू झूठी मैं मक्कार के प्रमोशन के लिए कोलकाता पहुंचे। यहां उन्होंने गांगुली की बायोपिक की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। इन खबरों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दादा (गांगुली) पर बन रही यह बायोपिक बहुत खास होगी। हालांकि, दुर्भाग्य से मुझे ये फिल्म ऑफर नहीं हुई है। मुझे लगता है कि लव फिल्म्स के निर्माता अभी भी पटकथा लिख रहे हैं।

इससे पहले रणबीर ने संजय दत्त की बायोपिक संजू में अभिनेता का किरदार निभा चुके हैं। यह फिल्म 2018 में आई थी। फिल्म में संजय के हावभाव को उन्होंने हूबहू पर्दे पर उतारा था, जिसके लिए उन्हें खूब प्रशंसा मिली थी। उन्होंने संजय के अलग-अलग उम्र के पड़ावों को बेहतरीन तरीके से निभाया था। इसके बाद रणबीर की किसी भी बायोपिक से उनसे प्रशंसकों और समीक्षकों की उम्मीदें दोगुनी होंगी।

रणबीर पिछली बार फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आए थे। उनकी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार 8 मार्च को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के कई गाने रिलीज हो चुके हैं। इस फिल्म में उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा वह संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल का हिस्सा हैं।

## शाहिद की वेब सीरीज फर्जी बनी ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज

शाहिद कपूर,केक मेनन, विजय सेतुपति राशि खन्ना स्टारर वेब सीरीज ह्यफर्जीह्न रिलीज होने के बाद से ही फैंस के मध्य सुर्खियां बटोरती हुई दिखाई दे रही है। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई ह्यफर्जीह्नए नए रिकॉर्ड भी बनती ही दिखाई दे रही है। जिसमे एक प्रोफेशनल आर्टिस्ट की भूमिका निभाने वाले शाहिद की नकली नोट बनाने वाली कहानी लोगों को बहुत पसंद आया। बहुत से क्रिटिक्स ने ह्यफर्जीह्न में शाहिद के काम को उनके करियर की सबसे बेहतरीन परफॉरमेंस में से एक बोला है। इसी के साथ हाल ही में, एक सर्वे करने के उपरांत फर्जी वेब सीरीज को अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली इंडियन सीरीज घोषित किया गया है।

फर्जी ने किया मिर्जापुर और पंचायत 2 को पीछेः फर्जी के माध्यम से शाहिद कपूर ने ओटीटी डेब्यू किया है। सीरीज में शाहिद कपूर ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दी है।

# भोला की कमाई में दूसरे दिन आई गिरावट, दसरा का कायम है जलवा



अजय देवगन की फिल्म भोला इस हफ्ते गुरुवार को रिलीज हुई थी। अजय की पिछली फिल्म दृश्यम 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था, इसलिए भोला के कलेक्शन पर लोगों की खास नजर थी। भोला ने पहले दिन ठीक शुरुआत की, लेकिन दूसरे दिन फिल्म के कारोबार में काफी गिरावट देखी गई। फिल्म ने पहले दिन करीब 11 करोड़ रुपये की कमाई की थी, वहीं दूसरे दिन यानी शुक्रवार को फिल्म सिर्फ 7 करोड़ रुपये कमा पाई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, दूसरे दिन की 7 करोड़ की कमाई के साथ फिल्म का अब तक का कलेक्शन करीब 18 करोड़ रुपये हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को फिल्म को करीब 11.02 प्रतिशत दर्शक मिले। मल्टीप्लेक्स चेन में दूसरे दिन दर्शकों की संख्या में करीब 35 प्रतिशत की गिरावट हुई। फिल्म को समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, इसके बावजूद दर्शकों की संख्या में कमी आना फिल्म के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं।

भोला की कमाई की तुलना अजय की दृश्यम 2 और शिवाय से हो रही है। पिछले साल आई दृश्यम 2 ने पहले दिन 15 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 200 करोड़ रुपये कमाए थे। 2016 की फिल्म शिवाय ने पहले दिन करीब 10 करोड़ रुपये कमाए थे और बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा छुआ था। ऐसे में भोला के अंतिम कलेक्शन के बारे में राय बनाना अभी जल्दबाजी हो सकती है।रिपोर्ट्स के अनुसार, भोला करीब 125 करोड़ रुपये में बनी है। फिल्म का निर्देशन खुद अजय ने किया है।

## सोशल मीडिया पर ज्यादा फॉलोइंग, ज्यादा काम: बेबिका धुर्वे


भाग्य लक्ष्मी एक्ट्रेस बेबिका धुर्वे ने सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स होने से कैसे अच्छा काम पाने में मदद मिलती है, इस पर अपने विचार रखे हैं। बेबिका ने कहा है कि उद्योग में कई अभिनेता अपने प्रशंसकों के आधार पर अवसर तलाश रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि यह एकमात्र मानदंड है, प्रतिभा भी मायने रखती है।यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस बात से सहमत हैं कि सोशल मीडिया पर अच्छे फॉलोअर्स होने पर अभिनेताओं को अच्छा काम मिलता है, बेबिका ने कहाः हां, अभिनेता जिसने पहले से ही सोशल प्लेटफॉर्म पर अच्छा प्रशंसक आधार बना लिया है, उससे अच्छे प्रोजेक्ट्स के लिए संपर्क किया जाता है क्योंकि यह परियोजना के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया और अच्छी दर्शकों की संख्या भी सुनिश्चित करता है और इसके लिए निर्माताओं द्वारा भी बहुत अच्छी तरह से निर्णय लिए जाते हैं। वह एक ऐसी हस्ती को चुनते हैं जिसके पास मजबूत प्रशंसक आधार है और इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बड़ी संख्या है। इंस्टाग्राम अब अभिनेताओं के लिए लिंक्डइन बन गया है।उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स के साथ उद्योग में 80 प्रतिशत अभिनेताओं को अधिक संख्या में प्रोजेक्ट मिलते हैं। हालांकि, मेरे पास बड़ी संख्या में फॉलोअर्स नहीं हैं, लेकिन फिर भी मैं प्रयास कर रही हूं। तो यह एक मिथ है कि अगर अभिनेता के कम फॉलोअर्स हैं, तो उसके पास काम नहीं होगा, क्योंकि जब भी मुझे किसी प्रोजेक्ट से रिजेक्ट किया गया है, तो यह ज्यादातर मेरे शरीर के वजन के कारण होता है, मेरे फॉलोअर्स के कारण नहीं।यह पूछे जाने पर कि क्या वास्तविक प्रतिभा को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि मुख्य ध्यान फॉलोअर्स की संख्या पर होता है, उन्होंने जवाब दियाः असली प्रतिभा को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है, इन दिनों फॉलोअर्स पर मुख्य ध्यान दिया जाता है,

# शाहरुख खान के साथ शुरू होगा कॉफी विद करण 8, साउथ के सितारे भी बनेंगे हिस्सा

करण जौहर अपनी फिल्मों के अलावा चैट शो कॉफी विद करण को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। शो में मनोरंजन जगत से जुड़े सितारे हिस्सा लेते हैं और अपनी फिल्मों के साथ ही निजी जिंदगी को लेकर बातें करते नजर आते हैं। हाल ही में कॉफी विद करण 8 से जुड़ा अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि शो का नया सीजन अगस्त या सितंबर में शाहरुख खान के साथ वापसी करने के लिए तैयार है।

रिपोर्ट के अनुसार, कॉफी विद करण 8 से शाहरुख शो पर वापसी के लिए तैयार हैं। किंग खान चैट शो में आने वाले सीजन के पहले अतिथि बन सकते हैं। शाहरुख शो में न सिर्फ अपनी फिल्म पठान की ब्लॉकबस्टर सफलता पर बात करते नजर आएंगे बल्कि वह अपनी आने वाली फिल्म डंकी और जवान के बारे में भी बात करेंगे। बता दें कि शाहरुख सीजन 5 में आलिया भट्ट के साथ शो में नजर आए थे।

शो के 8वें सीजन में साउथ के सितारों के भी शिरकत करने की जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शाहरुख के अलावा यश, अल्लू अर्जुन और ऋषभ शेट्टी के शो में शामिल होने की उम्मीद है।



कहा जा रहा है कि यश अपनी पत्नी राधिका पंडित और अल्लू अपनी पत्नी स्नेहा रेड्डी के साथ शो का हिस्सा बनेंगे। अगर ऐसा होता है, तो चैट शो का हिस्सा बनने वाली ये साउथ सिनेमा की पहली जोड़ियां होंगी।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338